दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 179
कोटद्वार शनिवार
29 अक्टूबर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## पौड़ी जिले के डीएम व एएसपी हटाये गये

**देहरादून।** शासन आज पौड़ी जिले के डीएम और एसएसपी को हटा दिया है। उनके स्थान पर नए जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भेजे गए हैं। शासन द्वारा जारी स्थानांतरण सूची में पौड़ी जिले के डीएम विजय कुमार जोगडण्डे और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक यशवंत सिंह को कोई नयी तैनाती न देकर वाद्य प्रतिक्षा में रखा गया है। अब पौड़ी जिले के डीएम के पद पर आशीष चौहान व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पद पर श्वेता चौबे को तैनात किया गया है।

## केदारनाथ गर्भगृह में फोटो खिंचाने पर घिरे बीकेटीसी अध्यक्ष

**देहरादून।** बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह में फोटो खिंचाने को लेकर विवादों में आ गए हैं। सोशल मीडिया पर ट्रोल होती इस तस्वीर पर अजेंद्र अजय ने यह कहते हुए सफाई दी है कि उक्त फोटो मंदिर पर स्वर्ण परत चढ़ाने के दौरान निरीक्षण करते समय की है। केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने के बाद मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें दावा किया जा रहा है कि उक्त फोटो कपाट बंद होने के बाद ली गई है। साथ ही लोगों ने गर्भगृह में फोटो खिंचाने पर उनकी आलोचना की है।

अजेंद्र अजय ने कहा उक्त फोटो निरीक्षण करने के दौरान है, किसी ने बिना उनसे पूटे यह फोटो ली थी। अजेंद्र अजय ने कहा है कि कपाटबंदी मजिस्ट्रेट की मौजूद्गी में होती है। इस पर सील लगाई जाती है, इसलिए कपाटबंदी के बाद फोटो खिंचाने का आरोप सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि सामान्य तौर पर गर्भगृह में फोटो खिंचाने पर इसलिए रोक है ताकि, श्रद्धालुओं का व्यवहार संयमित बना रहे। लेकिन कुछ विशिष्ट मौकों पर पूर्व में भी गर्भगृह के अंदर फोटो खींची गई है। कांग्रेस के कई नेता गर्भगृह के अंदर फोटो खिंचवा चुके हैं।

# रक्षामंत्री ने वर्चुअल किया कर्णप्रयाग-ग्वालदम हाईवे पर तीन मोटर पुलों का उद्घाटन

**थराली/गौचर(चमोली)।** उत्तराखंड में शिवालिक प्रोजेक्ट के चीफ इंजीनियर बिग्रेडियर राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि चमोली जिला सामरिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। बीआरओ यहां पर भारत-चीन सीमा तक रोड कनेक्टिविटी को लगातार विकसित कर रही है। इसी कड़ी में सीमा सड़क संगठन ने इन तीन पुलों का निर्माण मात्र डेढ़ साल में किया है।



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कुलसारी में कर्णप्रयाग-ग्वालदम सामरिक हाईवे पर बने तीन मोटर पुलों का वर्चुअली उद्घाटन किया। इन तीन पुलों का निर्माण बीआरओ की ओर से मात्र डेढ़ साल में किया गया है। इस कार्यक्रम में रक्षामंत्री ने इन पुलों के साथ ही देश के 72 अन्य परियोजनाओं का भी लेह घाटी से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए लोकार्पण किया।

कर्णप्रयाग-ग्वालदम हाईवे पर बने इन पुलों का निर्माण बीआरओ के 66 आरसीसी कमान गौचर की ओर से किया गया है। सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण कुलसारी में हाईवे पर बने पुल की लंबाई 50 मीटर, थराली में कुसेरी पुल की 40 मीटर और लोल्टी में बने पुल की 35 मीटर है।

उत्तराखंड में शिवालिक प्रोजेक्ट के चीफ इंजीनियर बिग्रेडियर राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि चमोली जिला सामरिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। बीआरओ यहां पर भारत-चीन सीमा तक रोड कनेक्टिविटी को लगातार विकसित कर रही है। इसी कड़ी में सीमा सड़क संगठन ने इन तीन पुलों का निर्माण मात्र डेढ़ साल में किया है।

वर्चुअली उद्घाटन के बाद कुलसारी में सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार डिमरी, थराली के कुसेरी पुल का विधायक भूपाल राम टम्टा एवं लोल्टी पुल का पूर्व विधायक मुन्नी देवी शाह ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। विधायक भूपालराम टम्टा ने बीआरओ की सराहना की।

साथ ही कहा कि उत्तराखंड में सीमा पर सड़कों के निर्माण में पूर्व सड़क राज्य परिवहन मंत्री मेजर जनरल भुवनचंद्र खंडूड़ी का अमूल्य योगदान रहा है। कुलसारी, थराली, लोल्टी में हुए कार्यक्रम में 21 टास्क फोर्स के कर्नल मनीष कपिल, 66 आरसीसी के मेजर शिवम अवस्थी, नगर पंचायत अध्यक्ष दीपा भारती, रणजीत नेगी, जिला पंचायत सदस्य देवी जोशी, सांसद प्रतिनिधि हरीश जोशी, गिरीश चमोला आदि मौजूद थे।

## ऑटो रिक्शा और टैक्सी से सफर हुआ महंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्मसीप निजव ज्प थंतम छमूरू दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने शुक्रवार को अटो रिक्शा और टैक्सी के किराए के रेट चार्ज को रिवाइज किया है। इस आदेश के बाद अटो रिक्शा और टैक्सी में अब लोगों को नए किराए के हिसाब से पैसा देना होगा। दिल्ली सरकार ने न्यूनतम किराए पर पांच रुपये की बढ़ोतरी की है। वहीं, टैक्सी में एसी और नन एसी के किराए में क्रमशः चार रुपये और तीन रुपये की बढ़ोतरी की गई है। सरकार के नए रेट के हिसाब से शुरुआती 15 किलोमीटर के पहले 25 रुपये देने होते थे अब नए रेट के हिसाब से अब 30 रुपये देने होंगे। वहीं प्रतिकिलोमीटर के लिए पहले साढ़े नौ रुपये थे जो अब बढ़ कर 11 रुपये प्रति किलोमीटर हो गया है। यह भी बता दें कि नाइट चार्ज के रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है।टैक्सी के रेट की बात करें तो एसी और नन एसी के रेट में 15 रुपये की शुरुआती बढ़ोतरी की गई है।

विधानसभा शीतकालीन सत्र की तैयारियां शुरू

## अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने बुलाई विधान मंडल दल की बैठक



**देहरादून।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके तहत विधानसभा अध्यक्ष ।तु खंडूड़ी ने 31 अक्तूबर को विधान मंडल दल की बैठक बुलाई है। इस बैठक में सत्र की तिथि से लेकर आयोजन स्थल को लेकर स्थिति साफ हो सकती है। विधानसभा का शीतकालीन सत्र दिसंबर से पहले आयोजित होना है।

पिछले सत्र के बाद नए सत्र के नियमों के अनुसार 17 दिसंबर के पहले शीतकालीन सत्र का आयोजन होना जरूरी है। इसी को देखते हुए अब तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।राज्य में भर्तियों में धांधली का मामला सामने आने के बाद विधानसभा में भी बड़े स्तर पर गड़बड़ियां सामने आई थीं और 250 कर्मचारियों को बर्खास्त करना पड़ा था। हालांकि कर्मचारी तो बहाल हो गए हैं।

लेकिन, विधानसभा में कई मामलों में अभी तक निर्णय नहीं हो पाया है। इसे देखते हुए इस बार सत्र के आयोजन को लेकर विधानसभा को अतिरिक्त तैयारियां करनी पड़ रही हैं। विधानसभा के प्रभारी सचिव हेम पंत की ओर से सीएम पुष्कर धामी, संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और बसपा विधायक दल के अध्यक्ष मोहम्मद शहजाद को इस संदर्भ में पत्र भेजा गया है।

विधानसभा सत्र की तैयारियों के संदर्भ में यह बैठक बुलाई गई है। सत्र कब और कहां आयोजित होगा यह अभी तय नहीं है। लेकिन बैठक में इन्हीं बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी और उसके बाद ही इस संदर्भ में सामूहिक रूप से कोई निर्णय लिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री की हामी के बाद जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों के ट्रांसफर

**देहरादून।** सीएम पुष्कर सिंह धामी की हामी के बाद उत्तराखंड सरकार ने पौड़ी, पिथौरागढ़ और बागेश्वर के जिलाधिकारी और हरिद्वार व चमोली के पुलिस कप्तान बदल दिए हैं। आईएएस आशीष कुमार चौहान पौड़ी और रीना जोशी पिथौरागढ़ की नई जिलाधिकारी होंगी। शुक्रवार देर शाम अपर सचिव कार्मिक ललित मोहन रयाल ने जिलाधिकारियों में फेरबदल के यह आदेश किए।ये तबादला उस वक्त किए गए जब मुख्यमंत्री पुष्कर धामी गृह मंत्रियों के सूरजकुंड हरियाणा में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर में हिस्सा लेने गए हैं। सूत्रों ने बताया कि उनकी मौखिक सहमति ले गई है। पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी रहे आशीष चौहान को पौड़ी के डीएम के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई,




जबकि पौड़ी के निवर्तमान डीएम विजय कुमार जोगदंडे को बाध्य प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।अंकिता भंडारी हत्याकांड में पौड़ी के जिलाधिकारी जोगदंडे के बयानों को लेकर सरकार की किरकिरी भी हुई थी। वहीं बागेश्वर की डीएम रीना जोशी को पिथौरागढ़ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पिथौरागढ़ की मुख्य विकास अधिकारी अनुराधा पाल बागेश्वर की नई जिलाधिकारी होंगी।उधर, गृह विभाग ने हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक यशवंत सिंह रावत और चमोली की पुलिस कप्तान श्वेता चौबे के स्थानांतरण के आदेश किए हैं।

# हेट स्पीच केसः आजम खान की विधायकी गई, स्पीकर सतीश महाना ने रद्द की सदस्यता

**लखनऊ एजेंसी।** हेट स्पीच मामले में तीन साल की सजा के ऐलान के बाद रामपुर से सपा विधायक आजम खान को एक और बड़ा झटका लगा है। आजम खान की विधानसभा की सदस्यता को रद्द कर दिया गया है। सजा के ऐलान के बाद आजम के लिए यह सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है। शिकायतकर्ता आकाशदास सक्सेना की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने यह कार्रवाई की है। आकाश सक्सेना ने विधानसभा अध्यक्ष के अलावा केन्द्रीय चुनाव आयोग को भी सदस्यता रद्द करने की शिकायत भेजी थी। स्पीकर ने सदस्यता रद्द करने के बाद रामपुर विधानसभा का पद रिक्त होने की सूचना भी चुनाव आयोग को भेज दी है।



बतादें कि सपा विधायक और पूर्व मंत्री आजम खान को गुरुवार एमपी-एमएलए कोर्ट ने हेट स्पीच (भड़काऊ भाषण) के मामले में तीन साल की सजा सुनाई थी। उन पर छह हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था। तब से ही ही लगातार उनकी सदस्यता जाने का खतरा मंडरा रहा था। सजा के ऐलान के बाद हालांकि आजम को तुरंत कोर्ट से जमानत मिल गई थी। गुरुवार की दोपहर करीब दो बजे एमपीएमएलए की विशेष अदालत ने सुनवाई शुरू करने के बाद आजम को दोषी ठहराते ही कस्टडी में ले लिया था। चार बजे के करीब अदालत ने फैसला सुनाया था। इस दौरान आजम खां कस्टडी में ही रहे थे।

आजम के खिलाफ तीन धाराओं में केस दर्ज हुआ था। तीनों ही मामलों में उन्हें दोषी माना गया था। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान आजम पर भड़काऊ भाषण देने का मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि भाषण के दौरान आजम खां ने पीएम मोदी और सीएम योगी पर भी आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था।

भड़काऊ भाषण का यह मामला वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव का है। आजम खां लोकसभा का चुनाव लड़्घ रहे थे। तब सपा और बसपा का गठबंधन था। आजम खां चुनाव जीत गए थे। चुनाव प्रचार के दौरान उनके खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के कई मामले विभिन्न थानों में दर्ज हुए थे। इसमें एक मामला मिलक कोतवाली में हुआ था। इसमें उन पर आरोप है कि उन्होंने संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों और तत्कालीन जिलाधिकारी के लिए अपशब्द कहे। धमकी दी और दंगा भड़काने का प्रयास किया। उनके द्वारा वर्ग विशेष से धर्म के नाम पर वोट की अपील की गई। इन आरोपों के साथ वीडियो अवलोकन टीम के प्रभारी अनिल कुमार चौहान की ओर से आजम खां के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

दरअसल जनप्रतिनिधियों के लिए बने कानून के मुताबिक यदि किसी विधायक को दो साल से ज्यादा की सजा सुनाई जाती है तो फिर उसकी सदस्यता चली जाती है। आजम खां के लिए यही बहुत बड़ा संकट है। इससे पहले अयोध्या की गोसाईगंज विधानसभा से भाजपा के विधायक खब्बू तिवारी को अपनी विधायकी गवानी पड़ी थी। उन्हें कोर्ट ने दो साल से ज्यादा की सजा सुनाई थी। साल 2019 के चुनाव में आजम खां रामपुर से सांसद चुने गये थे। रामपुर से ही इसी साल विधायक बनने पर सांसदी से इस्तीफा दे दिया था।

# गुजरात के हाथों महाराष्ट्र ने गंवाई एक और निवेश डील, शिंदे पर हमलावर हुई टीम ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** गुजरात के हाथों महाराष्ट्र ने कथित तौर पर एक और बड़ी निवेश डील गंवा दी है। दरअसल गुजरात में 22,000 करोड़ रुपये की हवाई जहाज निर्माण इकाई स्थापित होने जा रही है। उद्धव गुट का कहना है कि पहले ये निर्माण इकाई महाराष्ट्र में स्थापित होनी थी। अब इस मुद्दे को लेकर उद्धव गुट शिंदे और भाजपा पर हमलावर है। शिवसेना के उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाले धड़े और कांग्रेस ने राज्य में शिंदे-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की आलोचना करते हुए सवाल किया कि यह परियोजना महाराष्ट्र के हाथ से कैसे निकल गई। आदित्य ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि निवेशकों को एकनाथ शिंदे-भारतीय जनता पार्टी सरकार पर भरोसा नहीं है।

उद्धव गुट के प्रवक्ता अरविंद सावंत ने एनडीटीवी से बात करते हुए कहा, ष्अब हास्यास्पद और झूठे बहाने बनाए जा रहे हैं।ष उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार सत्तारूढ़ गठबंधन में बहुमत वाली भाजपा की ष्गुलामष है। लोकसभा सदस्य सावंत ने दावा किया, ष्जिस तरह से वे अतीत



और वर्तमान में काम करते रहे हैं, वह दिखाता है कि केंद्र और भाजपा महाराष्ट्र के खिलाफ हैं।ष

उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के विकास के लिए महाराष्ट्र सबसे अनुकूल राज्य है। मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी है। यह दुनिया जानती है। फिर भी, वे इसकी छवि को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। टाटा-एयरबस परियोजना के अलावा, उन्होंने सेमी-कंडक्टर चिप्स के निर्माण के लिए वेदांत-फक्सकन डील का भी उल्लेख किया। गौरतलब है कि पिछले महीने वेदांता और ताइवान की इलेक्ट्रनिक कंपनी फक्सकन की संयुक्त सेमीकंडक्टर परियोजना गुजरात में स्थापित करने की घोषणा के बाद महाराष्ट्र में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया था। पहले यह परियोजना पुणे शहर के समीप स्थापित की जानी थी।

उद्धव गुट के प्रवक्ता ने कहा, पीएम (नरेंद्र मोदी) ने कहा था कि महाराष्ट्र को एक बड़ी परियोजना दी जाएगी हमें गुजरात के खिलाफ कोई शिकायत नहीं है। हम चाहते हैं कि इसका भी विकास हो। लेकिन क्या देश में कोई दूसरा राज्य नहीं है? उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि यह गुजरात में इस साल के अंत तक होने वाले चुनावों के कारण हो रहा है।

इस बीच महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने शुक्रवार को दावा किया कि गुजरात में टाटा-एअरबस सी-295 परिवहन विमान परियोजना स्थापित करने के सौदे पर केंद्र ने पिछले साल सितंबर में हस्ताक्षर किए थे जब राज्य में महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार सत्ता में थी। राज्य के उद्योग मंत्री ने इस परियोजना पर ''भ्रम'' पैदा करने के लिए विपक्ष की आलोचना भी की। सामंत ने कहा कि गुजरात में विमान विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर केंद्र ने सितंबर 2021 में हस्ताक्षर किए थे।

उन्होंने कहा, ''चाहे वेदांता-फक्सकन परियोजना हो या टाटा-एअरबस परियोजना हो, इन परियोजना को कहां स्थापित किया जाए, इसका फैसला जून में राज्य में इस (एकनाथ शिंदे नीत) सरकार के सत्ता में आने से पहले लिया गया था। विपक्ष लोगों के बीच भ्रम फैलाने के अलावा और कुछ नहीं कर रहा है।''

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि निवेशकों को एकनाथ शिंदे-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर भरोसा नहीं है और इसलिए राज्य से बाहर परियोजनाएं जा रही हैं। ठाकरे ने महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि निवेशकों को 'खोके सरकार' पर विश्वास नहीं है।

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए कहा कि जून में कार्यभार संभालने के बाद वह निवेश के लिए दूसरे राज्यों में जाने के बजाय राजनीतिक सभाओं को संबोधित करने में व्यस्त हैं। वह सी-295 सैन्य विमान बनाने के लिए 22,000 करोड़ रुपये की परियोजना के वास्ते एयरबस और टाटा कंसोर्टियम द्वारा गुजरात के वडोदरा को चुनने की पृष्ठभूमि में यहां संवाददाताओं से बात कर रहे थे।

## गुप्तकाशी पहुंची बाबा केदार की डोली

**रुद्रप्रयाग।** भगवान केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद होते ही बाबा की पंचमुखी डोली अपने शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मन्दिर ऊखीमठ के लिए प्रस्थान कर चुकी है। पंचमुखी उत्सव डोली ने रामपुर में रात्रि विश्राम के बाद शुक्रवार को गुप्तकाशी के लिए प्रस्थान किया। देर शाम गुप्तकाशी पहुंची जहां भक्तों ने डोली का भव्य स्वागत किया। बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों, व्यावसायियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा बाबा की पंचमुखी डोली का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। वहीं बाबा की पंचमुखी चलविग्रह उत्सव डोली मराठा रेजिमेंट की बैंड धुनों एवं भक्तों के जयकारों के साथ शुक्रवार को गुप्तकाशी पहुंची जहां रात्रि विश्राम के बाद डाली ऊखीमठ के लिए प्रस्थान करेगी। गुप्तकशी में श्रीकेदारधाम होटल एसोसिएशन के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं केदारघाटी जनकल्याण समिति के द्वारा भजन-कीर्तन संध्या आयोजित की गई। शुक्रवार प्रातः 8रू 30 बजे बाबा की पंचमुखी चलविग्रह उत्सव डोली की पूजा अर्चना कर विभिन्न पड़ावों शेरसी, बड़ासू , फाटा, नारायनकोटी होते हुए अपने दूसरे पड़ाव गुप्तकाशी पहुंची।

# 31 अक्तूबर को बंद हो जाएगी फूलों की घाटी, इस बार पहुंचे रिकॉर्ड पर्यटक

### हुई 31 लाख से अधिक की आय

**जोशीमठ(चमोली)।** विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी 31 अक्तूबर को शीतकाल के लिए बंद हो जाएगी। इस साल घाटी में रिकर्ड पर्यटक आए जिससे वन विभाग ने 31 लाख से अधिक की कमाई की है। 875 वर्ग किमी में फैली फूलों की घाटी रंग बिरंगे फूलों और प्रातिक सौंदर्य के लिए विश्व विख्यात है।

यहां के स्लोप पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। घाटी पर्यटकों के लिए एक जून के खोली गई थी। अब घाटी के बंद होने का समय भी आ गया है। ठंड बढ़ने के साथ ही घाटी में अब अधिकांश फूल सूखने लगे हैं।वहीं, हेमकुंड साहिब के कपाट बंद होने के बाद फूलों की घाटी में काफी कम संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं।

नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के फूलों की घाटी रेंज के रेंजाधिकारी गौरव नेगी ने बताया कि घाटी में इस साल अभी तक रिकर्ड 20,827 तीर्थयात्री आ चुके हैं जिसमें 280 विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। इससे विभाग को 31,73,400 की



आय प्राप्त हो चुकी है। इससे पहले वर्ष 2019 में 17,424 पर्यटक आए थे जिनसे विभाग को 27,60,825 रुपये की आय हुई थी।

घाटी में जुलाई से अक्तूबर तक 300 से अधिक प्रजाति के फूल खिलते हैं। जुलाई के पहले हफ्ते से अक्तूबर तीसरे हफ्ते तक कई फूल खिले रहते हैं। यहां पोटेटिला, प्रिम्यूला, एनीमोन, एरिसीमा, एमोनाइटम, ब्लू पपी, मार्स मेरी गोल्ड, ब्रह्म कमल, फैन कमल जैसे कई फूल खिले रहते हैं।

घाटी में दुर्लभ प्रजाति के जीव जंतु, वनस्पति व जड़ी बूटियों का भंडार है। विभिन्न प्रकार के फूल होने पर यहां तितलियों का भी संसार रहता है। इस घाटी में कस्तूरी मृग, मोनाल, हिमालय का काला भालू, गुलदार, हिम तेंदुआ भी दिखता है।

वहीं, इस बार फूलों की घाटी में जिन जगहों पर नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क प्रशासन ने गोल्डन फर्न और पलीगोनम को नष्ट किया वहां इस बार फूलों की अच्छी पैदावार हुई है। बता दें कि पलीगोनम और गोल्डन फर्न फूलों के दुश्मन हैं। गोल्डन फर्न के पौधे के पत्ते चौड़े और हल्के पीले रंग के होते हैं। यह अपने आसपास फूलों को पनपने नहीं देता।

# केदारनाथ यात्रा : महिला समूहों ने 48 लाख रूपए का किया कारोबार



केदारनाथ यात्रा के बाद प्राप्त धनराशि का चेक दिखाते हुए स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं।

## केदारनाथ प्रसाद से हुआ 44 लाख का व्यवसाय 100 से अधिक महिलाओं को मिला सीधा रोजगार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : कोरोनाकाल के बाद पटरी पर लौटी श्री केदारनाथ धाम यात्रा इस बार जिले के लिए कई सौगात दे गई। यात्रा से सीधे तौर पर जुड़े लोग दो सालों से सुचारु यात्रा का इंतजार कर रहे थे। इस वर्ष रिकॉर्ड 15 लाख, 63 हजार से ज्यादा यात्रियों ने केदारनाथ धाम पहुंचकर इस इंतजार को समाप्त किया। जिले में संचालित महिला समूहों के लिए भी यह यात्रा सुखद साबित हुई, कोरोनाकाल के बाद इस वर्ष महिला समूहों के व्यवसाय को नई उंचाइयां मिली। केदारनाथ यात्रा से जुड़े विभिन्न महिला समूहों ने इस वर्ष करीब 48 लाख रुपए का व्यापार किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार का मंत्र अपनाकर दूसरों को रोजगार देने की अपील से प्रभावित जिले की महिलाएं सीधे तौर पर केदारनाथ यात्रा में अपना योगदान दे रही हैं। जिले में महिलाएं बाबा केदारनाथ धाम के लिए स्थानीय उत्पादों से निर्मित प्रसाद तैयार करने के साथ ही यात्रा मार्ग पर रेस्तरां, कैफे संचालित करने के साथ ही अन्य उत्पाद बेचकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि बाबा केदारनाथ में दुनियाभर से आने वाले तीर्थ यात्रियों को स्थानीय उत्पादों से निर्मित प्रसाद एवं बाबा केदारनाथ के सोविनियर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। साथ ही स्थानीय शहद, हर्बल धूप समेत कई उत्पाद महिलाएं तैयार कर यात्रियों को उपलब्ध करवा रही हैं। इसके अलावा स्थानीय खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के लिए सरस रेस्तरां एवं हिलांस कैफे भी यात्रा मार्ग पर संचालित हो रहे हैं। करीब 20 महिला समूहों से जुड़ी महिलाएं यात्रा में योगदान देकर आत्मनिर्भरता की ओर सशक्त कदम उठा रही हैं। प्रशासन विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रयासरत है।

श्री केदारनाथ धाम में जिले की महिलाओं द्वारा तैयार प्रसाद का विपणन करने वाले व्यापारी अर्जुन कुर्मांचली ने बताया कि कोरोनाकाल के बाद शुरू हुई यह यात्रा बेहद लाभदायक सिद्ध हुई है। उन्होंने विभिन्न हैलीपैड़ एवं मंदिर परिसर में तीर्थ यात्रियों को करीब 43 लाख रुपए का प्रसाद बेचा। बताया कि उनके पास जिले भर के करीब 20 महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार चैलाई के लड्डू, हर्बल धूप, चूरमा, बेलपत्री, शहद, जूट एवं रेशम के बैग आदि पहुंचता है। इसके अलावा गंगा जल के लिए पात्र एवं मंदिर की भस्म भी प्रसाद पैकेज का हिस्सा हैं। पूरे पैकेज की कीमत 250 रुपए निर्धारित की गई है, जिसके अतिरिक्त 50 रुपए मंदिर समिति एवं हैली कंपनियों को रॉयल्टी दी जाती है। उधर एनआरएलएम के ब्लॉक समन्वयक सतीश सकलानी ने बताया कि देवीधार उन्नत्ति क्लस्टर ने पूरी यात्रा के दौरान ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से प्रसाद बेचकर करीब 42 रुपए का कारोबार किया है।

### रोजगार के साथ स्थानीय उत्पादों को भी मिला बढ़ावा

केदारनाथ प्रसाद उत्पादक फेडरेशन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह सजवाण ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने करीब 50 कुंतल चैलाई के लड्डू एवं चूरमा तैयार कर केदारनाथ में बेचा है। पिछले छः महीनों में उन्होंने 60 महिलाओं को रोजगार दिया, जिसमें 30 महिलाएं एनआरएलएम के तहत गठित समूहों के माध्यम से उनसे नियमित तौर पर जुड़ी हैं।

पूरी यात्रा के दौरान उन्होंने करीब 22 लाख रुपए के लड्डू एवं चूरमा बेचा। समूह से जुड़ी महिलाओं को प्रतिदिन 300 रुपए मेहनताना देने के साथ ही समय–समय पर प्रशिक्षण भी देते हैं। सजवाण ने बताया कि वर्ष 2017 में प्रसाद योजना शुरू होने से पहले चैलाई का उत्पादन बेहद सीमित हो गया था जबकि अब इसके उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। बताया कि वे 55 रुपए प्रति किलो के हिसाब से किसानों से चौलाई की खरीद करते हैं। अगले वर्ष के लिए 100 कुंतल चैलाई की खरीद के लिए किसानों को उत्पादन करने को कहा गया है। इसके अलावा बेलपत्री का उत्पादन करने वाले किसानों को भी योजना का सीधा लाभ मिल रहा है।

### सरस रेस्तरां एवं विपणन केंद्र को मिली नई पहचान

श्री केदारनाथ यात्रा मार्ग के अगस्त्यमुनि में जिला प्रशासन ने एनआरएलएम के माध्यम से गठित महिला समूहों की मदद से सरस रेस्तरां एवं विपणन केंद्र की शुरुआत इसी यात्रा के दौरान की। सरस रेस्तरां संचालित कर रही महादेव स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष पूनम देवी ने खुशी जताते हुए बताया कि पहली ही यात्रा के दौरान उन्होंने करीब 4 लाख रूपए का व्यवसाय किया। सरस रेस्तरां के माध्यम से 8 लोगों को नियमित रोजगार मिला है। उन्होंने बताया कि अगली यात्रा के लिए समूह द्वारा अभी से और बेहतर तैयारियों हेतु रणनीति तैयार की जाएंगी। उधर सरस विपणन केंद्र संचालित कर रही शिवानी ने बताया कि श्री केदारनाथ यात्रा के दौरान जिले भर के किसानों से स्थानीय उत्पाद बेचकर करीब 80 हजार रूपए का कारोबार किया।

## शिविर का 272 लोगों ने उठाया लाभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : अस्पताल जनता के द्वार'' कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से विकासखंड नारायणबगड के सुदूरवर्ती क्षेत्र झिझोणी में शुक्रवार को मल्टी स्पेशिलिटी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर 272 से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में जनरल सर्जन, आर्थो सर्जन, स्त्री व बाल रोग विशेषज्ञ, ईएनटी सर्जन के साथ विभिन्न गैरसंचारी रोगों की स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान एक मानसिक रोगी एवं तीन दिव्यांगजनों का विशिष्ट पहचान प्रमाण पत्र (यूडीआईडी) मौके पर ही जारी किया गया। स्वास्थ्य शिविर में दूरस्थ गांव क्षेत्र बमियाला, बुढेरा, गढसेरा, कंडवालगांव, छेकुडा, मनूडा, सिलोडी, भगोती, रतनी, मौणा, केशपुर आदि स्थानों से पहुंचे 272 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर शिविर का लाभ उठाया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सभी पंजीकृत लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरित की। शिविर में 41 हड्डी रोगी, 13 ईएनटी, 28 आंख, 35 बाल रोग, 11 महिला रोग, 15 दंत रोग, 18 रक्त जांच, 27 जनरल सर्जरी, 32 सामान्य रोगियों की स्क्रीनिंग की गई। मोतियाबिंद वाले 04 मरीजों को ऑपरेशन के लिए रेफर किया गया। जिनका निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। आयुष विंग ने 31, होमोपैथी ने 63 लोगो को दवा वितरण की गई। शिविर में समाज कल्याण विभाग के माध्यम से वृद्वावस्था, विधवा, दिव्यांग आदि सामाजिक पेंशन योजनाओं के तहत सात आवेदन पत्र वितरित किए गए। स्वास्थ्य शिविर में अपर जिलाधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी, एसीएमओ डा. बीपी सिंह, नेत्र रोग विशेषज्ञ निर्मल प्रसाद, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डा. श्वेता, दंतरोग विशेषज्ञ डा. अनुराग सक्सेना, ईएनटी सर्जन डा. शिखा भट्ट, मानसिक रोग विशेषज्ञ डा. नवीन, आर्थोपैडिक सर्जन डा. अंकित भट्ट, स्वास्थ्य शिक्षा संचार समन्वयक उदय रावत, जिला समाज कल्याण अधिकारी विनोद कुमार उनियाल आदि मौजूद थे।



स्वास्थ्य शिविर में महिला की आँख की जांच करते हुए नेत्र रोग विशेषज्ञ।

## एक नजर

### बेलखेत में 3 दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप, ग्रामीण परेशान

चम्पावत। राष्ट्रीय राजमार्ग से सटे बेलखेत गांव में बीते तीन दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है। जिस वजह से यहां के लगभग 70 परिवारों को अंधेरें में रात गुजारने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीण दिनेश बोहरा ने बताया कि बेलखेत में दीपावली के अगले दिन से बिजली आपूर्ति ठप है। उन्होंने कहा कि बिजली की आंखमिचौली से आए दिन ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। कहा कि तीन दिनों से इलाके में बत्ती गुल है। जिसके बाद संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया है। कहा कि बिजली न होने से विद्युत संबंधी कार्य ठप पड़े हुए हैं। कहा कि पांच किमी दूर गांवों में जाकर लोग अपना मोबाइल फोन और इमरजेंसी लाइट को चार्ज कर रहे हैं। इसके अलावा बिजली न होने से छात्र–छात्राएं पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। जिनकी परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। ग्रामीण मुकेश सिंह, मनोज सिंह ने चेतावनी दी कि अगर जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति सही नही हुई तो ग्रामीण सामूहिक रूप से डीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजेगें। इधर, जेई आरसी पंत ने बताया कि बिजली आपूर्ति सुचारू कराने के लिए लाइनमैन को भेजा गया है।

### रोडवेज ने 13 बसों का संचालन किया

चम्पावत। उत्तराखंड रोडवेज परिवहन निगम ने दीपावली पर्व के बाद भीड़ को देखते हुए 13 बसों का ही संचालन किया। रोडवेज के एजीएम नरेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि यात्रियों की संख्या देखते हुए बसों का संचालन किया गया है। जिसमें दिल्ली के अलावा देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, गुरुग्राम, बरेली और हल्द्वानी, काशीपुर के लिए बसों का संचालन किया गया। उन्होंने बताया कि भाई दूज के दूसरे दिन रोडवेज ने ज्यादा बसों के संचालन की योजना बनाई थी। लेकिन यात्रियों की संख्या में भारी गिरावट आई है। एजीएम ने बताया कि शनिवार और रविवार को अगर भीड़ रही तो अधिक बसों का संचालन किया जाएगा।

### महिला से छेड़छाड़, पति को पीटा

रूद्रपुर। थाना ट्रांजिट कैंप में कुछ मनचलों ने एक विवाहिता से छेड़छाड़ की। पति के विरोध करने पर उसके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शिवनगर निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि दिवाली के दिन रात करीब 9 बजे वह अपने पति के साथ पैदल मायके जा रही थी। रास्ते में रितिक, शिवम उर्फ अल्लू और अन्य पांच लोग मिल गये। आरोप है कि इन लोगों ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए छेड़छाड़ की। पति ने विरोध किया तो पति के साथ मारपीट की। बीच–बचाव के लिए आए दो अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की गई।

## गैरसैंण की उपेक्षा का आरोप लगाए

### सरकार की गैरसैंण में सत्र कराने की कोई तैयारी नहीं: करन माहरा

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने सरकार पर गैरसैंण की उपेक्षा का आरोप लगाया। कहा कि सरकार की गैरसैंण में सत्र कराने की कोई तैयारी ही नहीं है। जब गर्मियों में सत्र कराने लायक मौसम था, तब चार धाम यात्रा का बहाना बनाया गया।

अब जब सरकार के पास कड़ाके की ठंड में गैरसैंण में सत्र कराने की कोई तैयारी ही नहीं है, तो सिर्फ शिगूफा छोड़ा जा रहा है। जबकि हकीकत यही है कि सत्र देहरादून में ही होगा। कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए करन माहरा ने कहा कि गैरसैंण में यदि इस समय सत्र होता है, तो वहां पुलिस कर्मियों समेत अन्य स्टाफ के लिए कोई इंतजाम नहीं हैं। जब बर्फ पड़ने जैसा मौसम हो गया है, तो इतनी ठंड में बिना तैयारियों के ये स्टाफ कैसे रहेगा। न तो वहां इनके लिए शेड हैं। न ही अन्य कोई और इंतजाम। ऐसे में सिर्फ वाहवाही लूटने के प्रयास नहीं होने चाहिएं।

सरकार को वहां तैयारी करनी चाहिए। कहा कि सरकार ने गैरसैंण में कोई काम नहीं कराया। न ही कोई तैयारी की। गर्मियों में गैरसैंण में सत्र कराने का अनुकूल मौसम था। उस समय कहा गया कि चार धाम यात्रा है। जबकि चार धाम यात्रा तो हर साल होती है और होती रहेगी। ऐसे में क्या गैरसैंण में सत्र का आयोजन ही नहीं होगा। अब जो हालात हैं, उसके लिहाज से यही लग रहा है कि सत्र फिर देहरादून में ही होगा।

गैरसैंण बने स्थायी राजधानी

माहरा ने कहा कि अब गैरसैंण को स्थायी राजधानी बना दिया जाना चाहिए। क्योंकि पर्वतीय राज्य की अवधारणा से यही मेल खाता है। पर्वतीय क्षेत्रों की दुश्वारियां दूर करने को ही राज्य बना। इन्हीं दिक्कतों को दूर करने को आंदोलन कर राज्य लिया गया।

पहले जैसे लखनऊ से शासन चलता था, वो अब देहरादून से चल रहा है। अभी भी अफसर पहाड़ जाना नहीं चाहते। नेता तक पहाड़ छोड़ मैदान की सीटें तलाश रहे हैं। आंदोलनकारियों से कोई राय मशविरा तक नहीं लिया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित पंच प्राण की थीम पर होगा एकता सप्ताह

देहरादून। जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र देहरादून एम टोलिया ने अवगत कराया है कि भारत सरकार द्वारा हर वर्ष 31 अक्टूबर 2022 को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाती रही है। यह अवसर हमारे राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने और मजबूत करने के लिए हमारे समर्पण को बढ़ावा देने और मजबूत करने का अवसर है। राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यन्वयन समिति द्वारा इस वर्ष का राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में 25 से 31 अक्टूबर 2022 तक एक सप्ताह तक चलने वाला एकता सप्ताह होगा और माननीय प्रधान मंत्री द्वारा प्रस्तावित पंच प्राण की थीम होगी। स्वतंत्रता दिवस पर सचिव (युवा कार्यक्रम एवं खेल) ने राज्यों के सभी मुख्य सचिवों और केन्द्र और राज्य सरकारों के विभिन्न मंत्रालायो को इस संबंध में पहले ही निर्देश जारी कर दिये है।

## जाम के झाम से लोग बेहाल



ऋषिकेश। ऋषिकेश शहर को जाम के झाम से निजात नहीं मिल पा रही है। शुक्रवार को भी दिनभर ऋषिकेश से तपोवन तक वाहन रेंगते रहे। पयर्टक वाहनों का दबाव बढ़ने से दिक्कत आई। जबकि कई तिराहे–चौराहों से पुलिस और होमगार्ड के जवान गायब मिले। शुक्रवार को ऋषिकेश के कोयलघाटी तिराहे, हरिद्वार रोड, दून तिराहे और चंद्रभागा पुल पर वाहनों की वजह से दिनभर जाम लगता रहा। इसके आगे मुनिकीरेती, कैलाश गेट, शिवानंद गेट और तपोवन में जाम ने लोगों को बेहाल किया। चौक–चौराहों पर पुलिस का ट्रैफिक प्लान काम नहीं आया। वहीं शहर के अंदर ई–रिक्शा चलने से भी दुपहिया वाहन चालकों को आवाजाही में दिक्कत हुई। खासकर तिराहे–चौराहों से पुलिस के गायब रहने से परेशानी बढ़ गई। मुनिकीरेती में यात्री वाहनों के बेतरतीव सड़क पर पार्क होने से यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में पसीने छूटे। दोपहर के समय स्कूली वाहन भी मुख्यमार्ग से गुजरते है। लेकिन इसके लिये पुलिस ने अभी तक व्यवस्था तक नहीं बनाई है। जिससे आए दिन लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

## दून विवि में होगी शोधार्थियों हेतु सात दिवसीय कार्यशाला

देहरादून। दून विवि में शोधार्थियों के लिए सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (भारत सरकार) की ओर से स्तुति नामक इस कार्यशाला में देशभर से शोधार्थी भाग ले रहे हैं। कार्यशाला का उद्घाटन उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत और विवि की कुलपति डा. सुरेखा डंगवाल ने किया। कुलपति डा. सुरेखा डंगवाल ने कहा कि ये कार्यशाला विवि के साथ ही अन्य संस्थानों के शोधार्थियों के लिए बेहद अहम होगी। इससे उन्हें काफी कुछ जानने का मौका मिलेगा। जिससे उन्हें शोधों की गुणवत्ता सुधारने का मौका मिलेगा। इससे आने वाले समय में होने वाले शोधों की गुणवत्ता भी सुधरेगी। इस कार्यक्रम के मुख्य कोऑर्डिनेटर डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि भारत सरकार का उद्देश्य पूरे देश में विज्ञान और तकनीकी अवसंरचना तक सभी की खुली पहुंच के माध्यम से मानव संसाधन और उसकी क्षमता का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को विवि अपने स्वयं के उपकरणों पर प्रशिक्षण आयोजित कर रहा है।

वहीं इस कार्यक्रम का उद्देश्य, सामग्री, मॉड्यूल, सत्र योजना, कार्यप्रणाली, शिक्षा शास्त्र तैयार करना भी है।

### दून–कालसी रूट पर बसों का संचालन रोकने की मांग

देहरादून। महानगर सिटी बस महासंघ ने देहरादून–कालसी रूट पर अवैध रूप से बसों के संचालन का आरोप लगाया है। उन्होंने संभागीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) अध्यक्ष को शिकायती पत्र सौंपकर बसों का संचालन रोकने की मांग है। चेताया कि यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो वह न्यायालय की शरण में जाएंगे।

महासंघ अध्यक्ष विजय वर्धन डंडरियाल ने बताया कि उन्होंने देहरादून–कालसी रूट पर संचालित बसों को लेकर सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत सूचना मांगी थी। इसमें यह खुलासा हुआ है कि इस रूट पर चलने वाली सभी बसें बिना नोटिफिकेशन के चल रही हैं, जो कि नियम विरुद्ध है। रायपुर–प्रेमनगर रूट पर भी इसी तरह से 34 सिटी बसें चल रही थीं, एक महीने पहले ही हाईकोर्ट ने सभी बसों के परमिट रद करने के निर्देश दिए। उन्होंने देहरादून–कालसी रूट की बसों का भी संज्ञान लेने की मांग की है।

## यूकेएसएसएससी मामले में नौ अभियुक्तों को जमानत में सरकार की भूमिका संदिग्ध : आप

देहरादून। आज आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं गढ़वाल मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह आनंद ने यूकेएसएसएससी मामले में नौ अभियुक्तों को जमानत मिलने पर सरकार को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस पूरे मामले में भाजपा सरकार की भूमिका संदिग्ध है और सरकारी तंत्र के ठीक ढंग से पैरवी ना करने के चलते ही 9 लोगों को इस संगीन जुर्म में जमानत मिली जोकि शर्मनाक है। उन्होंने आगे कहा कि क्योंकि भाजपा सरकार एवं संगठन के दर्जनों कार्यकर्ता एवं नेता इस पूरे मामले में संलिप्त हैं इसलिए सरकार ने कार्यवाही के नाम पर सिर्फ दिखावा करते हुए मामले को रफा–दफा किया और अब पैरवी में ढील देकर के अपने लोगों को बचाने का काम भाजपा की सरकार कर रही है जो कि उत्तराखंड के लिए काला टीका है उन्होंने कहा गौरतलब है की भाजपा सरकार द्वारा वाही वाही लूटने के लिए एवं मुख्यमंत्री धामी ने बिना तैयारी के जल्दबाजी करते हुए केवल दिखाने के लिए लोगों को गिरफ्तार करवाया और अब सबूतों के अभाव में ऐसे लोगों को जमानत पर बचाया जा रहा है। उन्होंने कहा यह पूरा खेल सिर्फ सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का था उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का युवा धामी सरकार को इस मामले में कभी माफ नहीं करेगा और जब जब उत्तराखंड की बात आएगी तब तब यूके एसएसएससी एक काले अध्याय की तरह याद किया जाएगा।



## सड़कों को गड्ढामुक्त करने कार्यवाही गतिमान है

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका द्वारा जनपद में सड़कों को गड्ढा मुक्त करने तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों को कार्यों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में सड़को की साफ–सफाई एवं गड्ढा मुक्त, सुगम व सुव्यवस्थित बनाये जाने की कार्यवाही गतिमान है। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को सड़कों के मरम्मत कार्य को युद्धस्तर पर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है साथ ही पेयजल, जल संस्थान को पेयजल लाईनों के लिकेज ठीक करते हुए सड़क को समतलीकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु खोदी गई सड़कों को तेजी से कार्य करते हुए ठीक करने तथा उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को अपने–अपने क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति की जानकारी एवं कार्यों की मानिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जनपद के शहरी क्षेत्र, तहसील सदर, मसूरी एवं अन्य क्षेत्रों में सड़क को गड्ढामुक्त करने की कार्यवाही गतिमान है।





## समस्याओं पर भड़के कर्मचारी, करेंगे आंदोलन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः पेयजल तकनीकी कर्मचारी संगठन की स्थानीय शाखा के सदस्यों की वाटर वर्क्स कंपाउंड में आयोजित बैठक में कर्मचारियों ने उनकी मांगों का अब तक निस्तारण न होने पर रोष व्यक्त किया और मांगों का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

विनोद बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कर्मचारियों ने कहा कि अधिकारी उनकी मांगों को लेकर उदासीन रवैया अपना रहे हैं। कहा कि पहली बार कर्मचारियों ने बिना बोनस के दीपावली का त्योहार मनाया। मौके पर कर्मचारियों ने नवंबर 2021 से सितंबर 2022 तक का अतिकाल भत्ते का भुगतान करने, अनुबंध में कार्यरत कार्मिकों के दिसंबर 2021 से लंबित देयकों का एकमुश्त भुगतान करने, सेवानिवृत्त कर्मचारी के पेंशन प्रपत्र छह माह के अंदर तैयार करने, पंप हाउसों में मोबिल आयल उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि इन मांगों पर दो नवंबर तक कोई कार्रवाई न होने की स्थिति में कर्मचारी तीन नवंबर से कार्यालय प्रांगण में धरना देने पर बाध्य होंगे। बैठक के बाद कर्मचारियों ने अधिशासी अभियंता को मांग पत्र भी सौंपा।

# गड्ढे में खो गया आधुनिक बस अड्डा, हवा हुई नेताओं की घोषणाएं

### कोटद्वार शहर के मोटरनगर में बनाया जाना था आधुनिक बस अड्डा

### 11 वर्ष बाद भी बस अड्डा निर्माण के नाम पर नजर आ रहा केवल गड्ढा

### शहर में पार्किंग सुविधा नहीं होने से बदहाल हो रही यातायात व्यवस्था

जयन्त प्रतिनिधि।

विधानसभा हो अथवा नगर निगम का चुनाव हर बार मोटरनगर में बनने वाले आधुनिक बस अड्डे के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाता है। बकायदा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी जीतते ही बस अड्डा निर्माण का वादा करते हैं। लेकिन, हकीकत यह है कि वर्षों बाद भी आधुनिक बस अड्डे के नाम पर मोटर नगर में केवल एक बड़ा गड्ढा ही नजर आ रहा है। नतीजा शहर में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण यातायात व्यवस्था बेपटरी होती जा रही है।

कोटद्वार में आधुनिक बस अड्डा निर्माण के लिए तत्कालीन नगर पालिका ने वर्ष 2010–11 में मोटर नगर की खाली भूमि को चिन्हित किया गया था। 23 मार्च 2013 को पीपीपी मोड पर आधुनिक बस टर्मिनल बनाने का कार्य एक निजी संस्था को सौंप दिया गया था। इसके लिए पालिका ने मोटर नगर की 1.838 हेक्टेयर भूमि में से 1.503 हेक्टेयर भूमि कंपनी को मुहैया करवा दी थी।

शर्तों के अनुरूप, मार्च 2015 तक बस अड्डे का निर्माण पूर्ण कर नगर पालिका को सौंपा जाना था। लेकिन, आज भी निर्माण कार्य अधूरा है। आधुनिक बस अड्डे के नाम पर केवल एक बड़ा गड्ढा ही नजर आ रहा है।

### तो दूर होगी शहर में पार्किंग की समस्या

मोटर नगर स्थित निर्माणाधीन बस अड्डे के निर्माण को लेकर यदि जनप्रतिनिधि गंभीरता दिखाते तो शहर में पार्किंग समस्या का भी निराकरण होता। हालत यह है कि आज शहर में अतिक्रमण के कारण वाहनों को खड़ा करने तक की जगह नहीं मिल पाती। जिससे शहर में यातायात व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। सड़कों पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

### कई बार उठा चुके हैं मुद्दा

शहर में सपना बने अधुनिक बस अड्डे के सपने को पूरा करने के लिए शहरवासी कई बार शासन-प्रशासन को पत्र भेज चुके हैं। लेकिन, अब तक सरकारी सिस्टम का ध्यान इस ओर नहीं गया। नतीजा बदहाल स्थिति के कारण शहर की सूरत भी बिगड़ती जा रही है। पूर्व में पूर्व सैनिकों ने भी बस अड्डा निर्माण के लिए अंदोलन किया था।



मोटर नगर में अंतराष्ट्रीय बस अड्डे के नाम पर खोद गया गड्ढा

### सड़क पर संचालित हो रहा बस अड्डा

शहर में आधुनिक बस अड्डा निर्माण नहीं होने के कारण परिवहन निगम का बस अड्डा रेलवे स्टेशन के समीप सड़क पर संचालित हो रहा है। ऐसे में आमजन के साथ ही परिवहन निगम को बसें पार्क करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे कई बार सड़क पर दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। लगातार बढ़ रही समस्या के बाद भी सरकारी सिस्टम लापरवाह बना हुआ है।

## रामलीला में लक्ष्मण शक्ति की लीला का हुआ मंचन

### डाडामंडी में आयोजित रामलीला का नौवां दिन

**कोटद्वारः** डाडामंडी रामलीला के नौवें दिन लक्ष्मण शक्ति लीला का मंचन किया गया। इस दौरान रामलीला देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

आयोजित रामलीला का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा ने दीप प्रज्वलित किया। लीला का सफल मंचन आशीष चौधरी व राकेश देवरानी के निर्देशन में किया गया। रावण के पात्र का मंचन राजू, अंगद के संजू ने निभाया। जोकर प्रदीप व डांसर अभिषेक ने भी खूब समा बांधा। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष खुशीराम बलोदी ने बताया कि लगातार बढ़ रही रामभक्तों की भीड़ के चलते अतिरिक्त कुर्सियों की व्यवस्था की गई हैं। साथ ही गत वर्ष से अधिक मात्रा में दानराशि भी रामभक्तों द्वारा और खास कर प्रवासी भक्तों द्वारा प्राप्त हो रही हैं।



डाडामंडी में आयोजित रामलीला में मंचन करते कलाकार।

# संकुल स्तरीय मैथ्स विजार्ड प्रतियोगिता में अंश रावत प्रथम

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः प्रखण्ड रिखणीखाल क्षेत्र के न्याय पंचायत ढौंटियाल में न्याय पंचायत स्तरीय मैथ्स विज़ार्ड व इंगलिश स्पैल जीनियस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान मैथ्स विजार्ड प्रतियोगिता में अंश रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

न्याय पंचायत प्रभारी मनोज गुसाईं के निर्देशन में राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोटड़ी में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मैथ्स विज़ार्ड प्रतियोगिता में अंश रावत ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर भी राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोटड़ी के मानवी गुसाईं व अपेक्षा रहीं।

वहीं, दूसरी पाली में इंग्लिश स्पेल जीनियस प्रतियोगिता में जयन्त रावत राजकीय प्राथमिक विद्यालय गाडियों प्रथम व राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोटड़ी की अपेक्षा द्वितीय व अंश रावत तृतीय स्थान पर रहे। चालीस मिनट के एक– एक पाली में प्रश्नपत्र दिये गये, जिसमें निर्णायक बतौर प्रधानाध्यापक प्रभारी डॉ.अम्बिका प्रसाद ध्यानी, प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी टम्टा, प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश रावत रहे। सभी निर्णयों को उजागर करते हुये सभी प्रतिभागियों को पेन ,कापी व ट्रॉफी क्षेत्र पंचायत सदस्य कर्तिया बिनीता ध्यानी की ओर से प्रदानस्वरूप पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अनीता देवी समेत , अजयपाल सिंह रावत, रवींद्र रावत, धीरेन्द्र सिंह,शोभा देवी,लक्ष्मी देवी आदि मौजूद रहे।



प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक

## जंगली जानवरों का आतंक, फसल कर रहे बर्बाद

**कोटद्वारः** जयहरीखाल ब्लाक के कई गांवों के ग्रामीण इन दिनों बंदर व सूअर सहित अन्य जंगली जानवरों के आतंक से परेशान हैं। इन जंगली जानवरों ने किसानों की सब्जियों की फसल को भी बर्बाद कर दिया है। किसानों का कहना है कि जंगली जानवरों की वजह से खेती घाटे का सौदा बन गई है।ब्लाक के अमटोला, खर्का, बडगांव, खैणी, मठाली, खेतू व खुबाणी के साथ ही कई गांवों के लोगों की आर्थिकी खेती किसानी व पशु पालन से चलती है। वर्तमान में खेती को जंगली जानवर बर्बाद कर रहे हैं। इस कारण उनका खेती से मन उचट रहा है। बडगांव निवासी बलबीर सिंह ने बताया कि खेती ही उनकी आय का जरिया है। वर्तमान में वे गेहूं और प्याज के बीज बोने की तैयारी कर रहे हैं। लेकिन रात में सूअर तैयार खेतों को खोद रहा है, वहीं बंदर भी घर के आसपास बोई मौसमी सब्जियों को बर्बाद कर रहे हैं। मठाली निवासी मनवर सिंह ने बताया कि जंगली जानवरों के आतंक के कारण कई लोग खेती छोड़ चुके हैं और आजीविका के लिए अन्य साधन तलाश रहे हैं। कहा कि सरकार को किसानों को जंगली जानवरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए ठोस नीति बनानी चाहिए।

### स्वर्ण जयंती समारोह आज

**पौड़ी** : शहर के प्रतिष्ठित सेंट थॉमस स्कूल में शनिवार को छात्र स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में विद्यालय से पासआउट छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के साथ ही स्कूल में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय के प्रबंधक जीजो पालार्थीकल व प्रधानाचार्य सिस्टर प्रसादा सीएमसी ने बताया कि स्कूल में शनिवार को छात्र स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में स्कूल से पासआउट छात्र-छात्राओं के साथ शिष्टाचार भेंट की जाएगी। पासआउट छात्र विद्यालय प्रबंधन व मौजूदा छात्र-छात्राओं से अपने अनुभवों को साझा करेंगे। उन्होंने बताया कि इस मौके पर पूर्व विद्यालय प्रबंधक, प्रधानाचार्य, सेवानिवृत्त शिक्षक व स्टाफ भी हिस्सा लेंगे।

# जगदीपक रावत बने उक्रांद के महानगर अध्यक्ष

### कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती का लिया संकल्प



कोटद्वार में आयोजित उक्राद की बैठक में भाग लेते कार्यकर्ता

जयन्त प्रतिनिधि

कोटद्वारः मवाकोट स्थित एक बारातघर में उक्रांद की बैठक में चुनाव अधिकारी एपी जुयाल की देखरेख में जगदीपक रावत को महानगर कोटद्वार अध्यक्ष चुना गया। उनके नाम का प्रस्ताव निवर्तमान महानगर अध्यक्ष गुलाब सिंह रावत ने किया और सभी कार्यकर्ताओं ने अपना समर्थन दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पार्टी पर्यवेक्षक व चुनाव अधिकारी एपी जुयाल ने कहा कि दल की जनपद, महानगर, ब्लॉक, नगर, वार्ड और पंचायत स्तरीय संगठनों को मजबूत किया जाएगा। केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. शक्ति शैल कपरवाण ने कहा कि विकास के साथ–साथ उत्तराखंड को सांस्कृतिक पहाड़ी राज्य बनाया जाएगा। कहा कि राष्ट्रीय पार्टियों की सरकारों ने पहाड़ की जनता से जल, जंगल, जमीन, संसाधन, नौकरी, व्यवसाय संबंधी अधिकारों को छीन कर यूपी का गुलाम बना दिया है। यूकेडी इस गुलामी से मुक्ति के लिए लड़ाई लड़ रही है। केन्द्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने कहा कि यूकेडी जन भावनाओं की कदर करते हुए आत्मनिर्भर उत्तराखंड राज्य बनाने के लिए प्रयासरत है। नगर अध्यक्ष जग दीपक सिंह रावत ने कहा कि पदाधिकारियों के मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं के सहयोग से कोटद्वार की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष किया जाएगा।

# लैंसडौन का नाम बदला तो होगा अंदोलन

### लैंसडौन का नाम बदलने के प्रस्ताव पर क्षेत्रवासियों ने जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** लैंसडौन का नाम बदलने के प्रस्ताव पर लैंसडौन वासियों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि पूरे विश्व में यह स्थल लैंसडौन के नाम से प्रसिद्ध है। ऐसे में यदि लैंसडौन का नाम बदला गया तो क्षेत्रवासी एकजुट होकर आंदोलन करेंगे।

जनसेवा मंच ने समस्या को लेकर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। मंच के अध्यक्ष मनोज दास ने बताया कि नाम बदलने से पर्यटन नगरी लैंसडौन की राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान खोने का खतरा है। लैंसडौन नाम अपने आप मे लोकप्रिय व ऐतिहासिक है। तहसील होने के कारण यहां से निर्गत हुए तमाम प्रमाण पत्र व कागजात में नाम परिवर्तित होगा। जिससे आम जनता को परेशानी होगी।

सदस्यों ने उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के लैंसडौन जैसे खूबसूरत व विश्वविख्यात नाम को बदलने को क्षेत्रवासियों की जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ करने की बात कही।

कहा कि यदि लैंसडौन का नाम बदला गया तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में जनसेवा मंच लैंसडौन के अध्यक्ष मनोज दास, राज्य आंदोलनकारी महिपाल रावत, व्यापार मण्डल लैंसडौन के उपाध्यक्ष रोशन शाह, विनोद रावत प्रधान, सलीम रहमान, संजय शाह, गंभीर रावत, कुलदीप खंडेलवाल, खुशेंद्र बिष्ट, अमन, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



लैंसडौन का नाम बदलने के विरोध में राज्यपाल को ज्ञापन भेजते सदस्य।

## क्विज प्रतियोगिता में राइका बल्ली रहा अव्वल

**कोटद्वारः** विकास खंड दुगड्डा के राइंका कुंभीचौड़ में विकास खंड स्तरीय सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छह विद्यालयों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का आरंभ प्रतिभागी विद्यालयों व राइंका कुंभीचौड़ के अध्यापक व अध्यापिकाओं ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। तदोपरांत विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य लखपत राज खुगशाल ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे छात्र–छात्राओं को सभी प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्र–छात्राओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। इसलिए छात्रों को अध्ययन के अलावा अन्य प्रतियोगिताओं में भी अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए। इस दौरान आयोजित प्रतियोगिता में राइंका बल्ली ने पहला, राइंका सुखरौ ने दूसरा और राइंका कुंभीचौड़ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर वीरेंद्र बुड़ाकोटी, नीरज कुमार, पूनम पांथरी, राजेंद्र भंडारी, सुनील रावत, यशोदा नैथानी, दीप शिखा रावत, पंकज रावत और मेहरबान सिंह रावत आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# एनआईटी और हिमाचल तकनीकी विवि के बीच एमओयू, छात्रों को मिलेगा लाभ

जयन्त प्रतिनिधि।

**श्रीनगर :** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय, हमीरपुर के बीच अकादमिक और अनुसंधान सहयोग पर आधारित एक समझौता ज्ञापन ( एमओयू) हुआ।

इस एमओयू पर एनआईटी निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी और तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने मिलकर हस्ताक्षर किए। यह एमओयू नई शिक्षा नीति के तहत एनआईओ और तकनीकी विवि के छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक गतिविधियों के लिए लाभप्रद होगा।

एनआईटी के निदेशक प्रो. अवस्थी ने कहा कि उक्त एमओयू के तहत बहुविषयक और समग्र शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार योग्यता, अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों का क्षमता निर्माण, डिजिटल सशक्तिकरण और ऑनलाइन शिक्षा, समान और समावेशी शिक्षा, भारतीय ज्ञान प्रणाली, और उच्च शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयकरण आदि राष्ट्रीय शिक्षा नीति(एनईपी 2020 ) के कुछ प्रमुख विषय है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और सफलता पूर्वक संपादन के लिए एनआईटी द्वारा देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए जा रहे हैं, जिससे अनुसंधान, नवाचार सहित अन्य शैक्षणिक गतिविधियों को एक-दूसरे संस्थानों के साथ साझा किया जा सके या संयुक्त रूप से किया जा सके। इससे प्राध्यापकों और विद्यार्थियों को एक–दूसरे संस्थानों को शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी मिल पाएगी।

## दो बसों सहित 32 वाहनों के चालान

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस और परिवहन महकमा इन दिनों वाहनों के चालन को लेकर अभियान चला रहा है। शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने करीब तीन दर्जन वाहनों के चालन किए। उत्तराखंड परिवहन निगम की बस सहित दो बसों में टीम को ओवरलोडिंग मिली। जिस पर दोनों बसों का भी चालन किया गया। कोतवाली प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया शुक्रवार को पौड़ी-बुआखाल मार्ग पर वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान 32 वाहनों के चालन किए गए। जिसमें दो बसों में क्षमता से अधिक सवारी पाई गई। ओवरलोडिंग में एक उत्तराखंड परिवहन निगम की बस भी शामिल है। इसमें तीन सवारी क्षमता से अधिक पाई गई। जबकि जीएमओयू की बस में भी 2 सवारी अधिक थी। इसके साथ ही एक चालन ड्राइविंग करते हुए मोबाइल का इस्तेमाल करने पर किया गया। जबकि नो पार्किंग सहित यातायात का उल्लघंन पाए जाने पर भी वाहनों के चालन कर 15 हजार की राशि संयोजन शुल्क वसूला गया। अभियान को लगातार जारी रखा जाएगा।

# एसडीएम और कोतवाल के खिलाफ आंदोलन का ऐलान

बागेश्वर। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व वर्तमान सदस्य हरीश ऐठानी समेत विपक्षी सदस्यों ने जिला पंचायत पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता की हनक में जिला पंचायत को भ्रष्टाचार का अड्डा बना चुकी है। उन्होंने कहा कि वे किसी भी कीमत में भ्रष्टाचार को पनपने नहीं देगी। उन्होंने एसडीएम समेत कोतवाल के खिलाफ एक नवंबर से आंदोलन की चेतावनी दी। पर्यटक आवास गृह में शुक्रवार को विपक्षी सदस्यों ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान पूर्व जिपं अध्यक्ष और वर्तमान में सदस्य हरीश ऐठानी ने कहा कि सत्ता की शह पर जिपं अध्यक्ष भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। आगामी नगर पंचायत के चुनावों को देखते हुए गरुड़ के भकुनखोला जिपं क्षेत्र में विकास के नाम पर धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सदस्य को फायदा पहुंचाने के लिए महंगी सोलर लाइटें खरीदी जा रही हैं। पूर्व में हुई जांच में दोषी पाए जाने व प्रभारी मंत्री द्वारा जांच कराने के आदेश के बाद भी प्रशासन जिपं की जांच करके कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। उन्होंने जिपं पर सोबन सिंह जीना परिसर में मनमानी का आरोप लगाया तथा कहा कि अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए एक के बाद एक गलत कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने गत दिवस हुई बैठक में एसडीएम बागेश्वर के आदेश पर कोतवाल के सिपाहियों के द्वारा की गई अभद्रता पर कड़ी निंदा की कहा कि एक नवंबर से सदस्यों के साथ आंदोलन किया जाएगा। आरोप लगाया कि जिपं अध्यक्ष बसंती देव अपनी हत्या की साजिश की बात कहकर काले कारनामे छिपा रही हैं। शायद उन्हें याद नहीं है कि हत्या का शिकार हुए स्व. रमेश जौहरी भाजपा के नेता थे तथा उनकी हत्या भी भाजपा नेता के पुत्र ने ही की थी। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्य किसी भी कीमत में जिपं के भ्रष्टाचार को पनपने नहीं देंगे। इस दौरान जिपं उपाध्यक्ष नवीन परिहार समेत सदस्य वंदना ऐठानी, रूपा कोरंगा, गोपा धपोला, सुरेश खेतवाल, रेखा देवी उपस्थित रहे।(एजेन्सी)

## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया

चम्पावत।टनकपुर नगरपालिका में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एक दिवसीय विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से कानूनों आदि संबंधित जानकारी मुहैया कराई गई। शुक्रवार को नगरपालिका में सिविल जज जूनियर डिविजन रजनीश मोहन की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण साक्षरता शिविर लगाया गया। संचालन अजय गुरुरानी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव हेमंत राणा रहे। सचिव राणा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जो भी कानूनी प्रक्रिया से सम्बंधित सहायता चाहिए वे लोग पीएलवी से सहायता प्राप्त करें। (एजेन्सी)

# विधायक ने पीएम व सीएम का जताया आभार



हल्द्वानी। विधायक राम सिंह कैड़ा की अध्यक्षता में शुक्रवार को एचएमटी परिसर में जनसभा का आयोजन किया गया। विधायक ने एचएमटी की जमीन उत्तराखंड सरकार को हस्तांतरित करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का आभार व्यक्त किया। पूर्व में विधायक कैड़ा ने इस भूमि को प्रदेश सरकार को हस्तांतरित कराने की मांग मुख्यमंत्री से की थी।

विधायक ने कहा कि इस भूमि का उपयोग भीमताल विधानसभा व प्रदेश के हित में किया जाएगा। इससे रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। जिला पंचायत सदस्य अनिल चनोतिया, प्रेमबल्लभ बृजवासी, प्रधान डीके शर्मा, मनोज चनोतिया, पंकज महरा, उमेश पलड़िया, राजू पलड़िया, बीडीसी निखिल महतोलिया, सुरेश दुम्का, बहादुर नदगली, सुरेश पांडे, मधुसुधन पांडे आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

# दो दिवसीय जोहार महोत्सव आज से



हल्द्वानी। जोहार सांस्कृतिक एवं वेलफेयर सोसाइटी हल्द्वानी की ओर से शुक्रवार को जोहार जन मिलन केंद्र में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह पांगती ने बताया कि दो दिवसीय जोहार महोत्सव 29 अक्तूबर शनिवार से शुरू हो रहा है। एमबी इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष पांगती ने बताया कि पिछले वर्ष कोरोना के चलते महोत्सव सूक्ष्म तरीके से आयोजित किया गया था। लेकिन इस बार धूमधाम से मनाया जाएगा। गढ़वाल और कुमाऊं के लोकप्रिय गायकों व नृत्य कलाकारों द्वारा आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। प्रतिभावान कलाकारों को भी मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया जाएगा। महोत्सव में अभिनेता हेमंत पांडे और जागर गायिका पद्मश्री बसंती बिष्ट भी शिरकत करेंगी। (एजेन्सी)

## दीपावली पर रही 669 अपराधियों पर नजर

हल्द्वानी : दिवाली के मौके पर पुलिस ने किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अपराध से जुड़े रहे कुमाऊं भर के 669 लोगों पर नजर रखी। इसके लिए ऑफिस के स्टाफ को भी फील्ड में तैनात किया गया। जिसके चलते दिवाली का त्योहार लोगों ने बेहतर तरीके से मनाया। शुक्रवार को कैंप कार्यालय में डीआईजी डॉ. निलेश आनन्द भरणे ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि पुलिस ने कुमाऊं भर में करीब 669 संदिग्ध लोगों की निगरानी की गई। इसमें सबसे ज्यादा 296 यूएस नगर उसके बाद 250 नैनीताल और 37 पिथौरागढ़ जिले के थे। डीआईजी डॉ. भरणे ने कहा कि दिवाली पर पुलिस टीम ने विभिन्न जिलों में गरीब बच्चों को मिठाई व चॉकलेट बांटी। पुलिस ने दिवाली पर जनता की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए। (एजेन्सी)

# प्रदेश संगठन मंत्री का बागेश्वर में स्वागत



बागेश्वर। भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री अजय कुमार शुक्रवार को बागेश्वर पहुंचे। उन्होंने पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ परिचयात्मक बैठक ली। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है तथा भाजपा में अनुशासन सर्वोपरि है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कर्तव्यनिष्ठा से संगठन हित में कार्य करने को कहा। संगठन मंत्री अजय कुमार के बागेश्वर पहुंचने पर पार्टी जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट, जिपं अध्यक्ष बसंती देव, कपकोट के विधायक सुरेश गड़िया, जिला महामंत्री डॉ. राजेंद्र सिंह परिहार, रमेश तिवारी आदि ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद परिचयात्मक बैठक में संगठन मंत्री ने कहा कि प्रदेश में भाजपा जनहित में कार्य कर रही है।कई योजनाएं संचालित की है कार्यकर्ताओं को कहा कि वे सरकार की नीतियों को जनता तक पहुंचाने के साथ ही जनता की समस्याओं को सरकार के समक्ष लाएं। इसके बाद संगठन मंत्री अजय कुमार भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रदेश सह विस्तारक एडवोकेट कुंदन सिंह परिहार के खोली मेहनिया स्थित आवास में पहुंचे तथा उनके माता के गत दिवस हुए निधन पर शोक व्यक्त किया।(एजेन्सी)

# 31 अक्टूबर से लगेगा निशुल्क चिकित्सा शिविर

चम्पावत। अद्वैत आश्रम मायावती के धर्मार्थ अस्पताल में निशुल्क प्लास्टिक सर्जरी, साधारण रोग, ईएनटी शिविर आयोजित होंगे। शिविर के दौरान रोगियों का परीक्षण करने के साथ उन्हें आवश्यक सलाह और दवाएं वितरित की जाएगी। अद्वैत आश्रम के अध्यक्ष स्वामी शुद्धिदानंद महाराज ने बताया कि 31 अक्टूबर से दो नवंबर तक निशुल्क प्लास्टिक सर्जरी चिकित्सा शिविर आयोजित होगा। जिसके लिए दिल्ली के प्रख्यात प्लास्टिक सर्जरी सर्जन डॉ.करूण अग्रवाल होंगे। उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर से दो नवंबर तक साधारण रोग शिविर आयोजित होगा। जिसमें दिल्ली फिजिशियन डॉ.अर्पणा अग्रवाल होंगी। चार नवंबर को निशुल्क नाक, कान, गला शिविर आयोजित होगा। जिसमें कोलकाता के प्रख्यात ईएनटी सर्जन डा.पिनाकी मजूमदार रोगियों का उपचार करेंगे। स्वामी शुद्धिदानंद ने बताया कि शिविर सुबह नौ बजे से दो बजे तक आयोजित होंगे।(एजेन्सी)

## मामले की जांच रेगुलर पुलिस को सौंपने की मांग

चम्पावत। जेसीबी मशीन चालक के डेढ़ माह बाद भी पता न चलने पर परिजनों ने सीएम को ज्ञापन भेजा है। उन्होंने जांच को राजस्व पुलिस से हटाकर रेगुलर पुलिस को सौंपने की मांग उठाई है। कैंप कार्यालय चम्पावत के माध्यम से सीएम पुष्कर सिंह धामी को भेजे ज्ञापन में पीड़ित के भाई पितांबर भट्ट ने बताया कि उसका भाई भुवन भट्ट 13 सिंतबर को घाट में जेसीबी मशीन चलाने गया था। नदी किनारे मशीन पलट गई। बाद में पता चलने के बाद चालक उस जगह नहीं मिल पाया।(एजेन्सी)

## काश्तकारों को गेहूं का बीज मुहैया कराया

चम्पावत। टनकपुर सीएम कैंप कार्यालय में गेहूं उत्पादन के लिए उन्नत तकनीकि विषय पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें काश्तकारों को फसलों में लगने वाले रोग से निदान और उन्नत किस्म के गेहूं के बीज उपलब्ध कराए गए। शुक्रवार को सीएम कैंप कार्यालय में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. एसके वर्मा, डॉ. विश्वनाथ, चम्पावत के मुख्य कृषि अधिकारी हिमांशु जोशी और एसडीएम हिमांशु कफल्टिया की मौजूदगी में में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वैज्ञानिकों ने बताया कि काश्तकारों की ओर से उगाई गई फसलों में लगने वाली बीमारी और उनके निदान के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।.(एजेन्सी)

# प्रदेश संगठन मंत्री का बागेश्वर में स्वागत



बागेश्वर। भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री अजय कुमार शुक्रवार को बागेश्वर पहुंचे। उन्होंने पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ परिचयात्मक बैठक ली। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है तथा भाजपा में अनुशासन सर्वोपरि है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से कर्तव्यनिष्ठा से संगठन हित में कार्य करने को कहा। संगठन मंत्री अजय कुमार के बागेश्वर पहुंचने पर पार्टी जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट, जिपं अध्यक्ष बसंती देव, कपकोट के विधायक सुरेश गड़िया, जिला महामंत्री डॉ. राजेंद्र सिंह परिहार, रमेश तिवारी आदि ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद परिचयात्मक बैठक में संगठन मंत्री ने कहा कि प्रदेश में भाजपा जनहित में कार्य कर रही है। भाजपा ने जनता के हितों के लिए कई योजनाएं संचालित की है कार्यकर्ताओं को कहा कि वे सरकार की नीतियों को जनता तक पहुंचाने के साथ ही जनता की समस्याओं को सरकार के समक्ष लाएं। इसके बाद संगठन मंत्री अजय कुमार भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रदेश सह विस्तारक एडवोकेट कुंदन सिंह परिहार के खोली मेहनिया स्थित आवास में पहुंचे तथा उनके माता के गत दिवस हुए निधन पर शोक व्यक्त किया। (एजेन्सी)

# राजीव बनें एनसीसी लेफ्टिनेंट



पिथौरागढ़। जीआईसी बांसबगड़ के कला शिक्षक राजीव कश्यप ने महाराष्ट्र में हुई ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी में अपनी ट्रेनिंग पूर्ण कर एनसीसी लेफ्टिनेंट के पद पर तैनाती प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि पर सीमांत में खुशी की लहर है। मेजर जनरल केजीएस राठौर ने उन्हें ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। राजकीय शिक्षक संघ के जिला मंत्री प्रवीण रावल, ललित सिंह, बीआर कोहली सहित कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है। (एजेन्सी)

## तीन महिलाओं समेत 9 वारंटी पकड़े

काशीपुर : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर ऑपरेशन क्रैक डाउन के तहत वांछितों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने अभियान चलाया। कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वांछित तीन महिलाओं समेत 9 वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

शुक्रवार को पुलिस ने अभियान के दौरान राजू सैनी पुत्र ठगरी सैनी निवासी लक्ष्मीपुर पट्टी, इश्तियाक पुत्र इलियास निवासी डिजाइन सेंटर के पास, एहतेशाम पुत्र इफ्तिखार हुसैन निवासी मोहल्ला अल्ली खां, आरिफ उर्फ लक्की पुत्र रईस अहमद निवासी मोहल्ला थाना साबिक, सोहेल पुत्र वाजिद हुसैन निवासी मजरा वार्ड नंबर 22, रजवंत कौर पत्नी सतनाम सिंह निवासी कचनालगाजी गड्ढा कॉलोनी, दीपा राणा पत्नी छत्र सिंह राणा निवासी कुमाऊं कॉलोनी कचनालगाजी, विमलेश पत्नी अजय गुप्ता निवासी भुर्जियों वाली गली, आसिम निवासी मोहल्ला काजीबाग को गिरफ्तार किया। सभी वारंटी अलग–अलग मामलों में वांछित चल रहे थे। पुलिस अब सभी वारंटियों को कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है। (एजेन्सी)

# गंगोलीहाट व बेरीनाग में हुआ छड़ी यात्रा का स्वागत



पिथौरागढ़। प्रसिद्ध धार्मिक छड़ी यात्रा का गंगोलीहाट व बेरीनाग में भव्य स्वागत किया गया। बेरीनाग में विधायक फकीर राम टम्टा ने यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान श्री 1008 हिमालय पीठाधी स्वामी वीरेन्द्रानंद महाराज ने धार्मिक यात्रा के महत्व की जानकारी दी। शनिवार को पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय शरावती प्रेम गिरी महाराज एवं श्री 1008 हिमालय पीठाधी स्वामी वीरेन्द्रानंद महाराज के नेतृत्व में लगभग 80 साधु–संतों व अनुयायियों के साथ पवित्र छड़ी यात्रा गंगोलीहाट पहुंची। महाकाली मंदिर में मां के दर्शन उपरांत साधु संत पाताल भुवनेश्वर के लिए हुए रवाना। 9 अक्टूबर से पंच दशनाम जूना अखाड़ा हरिद्वार से विभिन्न तीर्थ स्थलों के भ्रमण पर उत्तराखंड की सुख समृद्धि के लिए यह यात्रा आरंभ की गई है। बेरीनाग पहुंचने पर छड़ी यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। विधायक फकीर राम टम्टा ने पवित्र छड़ी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तथा श्रद्धालुओं ने पवित्र छड़ी तथा साधु संतों का स्वागत किया। इस मौके पर महामंडलेश्वर वीरेंद्रानंद गिरी ने पवित्र छड़ी के पौराणिक महत्व, उद्देश्य व वर्तमान परिस्थितियों में इसकी उपयोगिता के संदर्भ में बताया। कहा आदि जगतगुरु शंकराचार्य ने लगभग ढाई हजार वर्ष पूर्व पवित्र छड़ी को प्रारंभ किया गया था । कहा उन्होंने इसके माध्यम से विधर्मियों को परास्त करते हुए पूरे आर्यावृत में सनातन धर्म की स्थापना की। महामंडेश्वर प्रेमगिरि महाराज ने कहा कि यात्रा का मुख्य कारण लोगों को धार्मिक आस्था के लिए जागरूक करना है । (एजेन्सी)

# अब किसान, मजदूरों को मिलेगा सस्ता और स्वच्छ भोजन



काशीपुर। अनाज मंडी परिसर में आने वाले किसानों एवं मजदूरों को सस्ता एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृष्णा स्वयं सहायता समूह द्वारा विपणन बोर्ड के निर्देश पर कैंटीन खोली गई है। इस कैंटीन का शुभारंभ शुक्रवार को तहसीलदार अक्ष्य भट्ट एवं मंडी समिति सचिव योगेश तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। तहसीलदार अक्षय भट्ट ने बताया कि अनाज मंडी में किसान अपनी फसल को बेचने के लिए आता है और अनाज मंडी में मजदूर मेहनत मजदूरी करते हैं ऐसे में किसानों और मजदूरों को भोजन के लिए आने वाली समस्या को देखते हुए विपणन बोर्ड के आदेश पर कृष्णा स्वयं सहायता समूह को कैंटीन आवंटित की गई है जिसमें किसानों और मजदूरों को सस्ता भोजन और नाश्ता उपलब्ध कराया जाएगा। मंडी समिति के सचिव योगेश तिवारी ने बताया कि कैंटीन में सस्ता भोजन और नाश्ता मिलने से किसानों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि फसल लेकर आने वाले किसान एवं फसलों को तैयार करने वाले मजदूरों के सामने मंडी में भोजन पानी की समस्या बनी हुई थी आज इसी समस्या के समाधान के लिये कैंटीन का शुभारंभ किया गया है। मौके पर समिति अध्यक्ष रामचंदर, भाजपा नेत्री उमा जोशी, जौनी राजहंस, विवेक कुमार, तहीपाल आदि अनेकों लोग मौजूद रहे।(एजेन्सी)

## फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची खटीमा की टीम

रुद्रपुर। सीएम पुष्कर सिंह धामी के पिता की स्मृति में आयोजित किए जा रहे स्व. सूबेदार शेर सिंह धामी स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट में खटीमा की टीम फाइनल में पहुंच गई है।

खटीमा ने रुद्रपुर को 3–0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया है। शुक्रवार को लोहियाहेड के गांधी मैदान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी हेमा जोशी, अति विशिष्ट अतिथि नंदन सिंह बिष्ट ने किया। इस मौके पर तराई विकास संघ के अध्यक्ष गोपाल बोरा, जिला मंत्री भुवन जोशी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रमेश जोशी, मंडल अध्यक्ष किशोर जोशी, देवेंद्र बोरा, कुंदन कुंवर, धीरज बोरा, महेंद्र खोलिया, भवानी भंडारी, दीपक मेहरा, तारा भाई, कमल धामी उर्फ केडी, देवेंद्र धामी उर्फ दीपू मौजूद रहे। (एजेन्सी)

# रेस्टोरेंट में लगी आग, हजारों का सामान जला



अल्मोड़ा।। नगर के मालरोड स्थित एक रेस्टोरेंट में गुरुवार देर रात अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरे रेस्टोरेंट को आगोश में ले लिया। इससे रेस्टोरेंट में रखा हजारों का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची फायर सर्विस की टीम ने आग पर काबू पाया।गुरुवार देर शाम मालरोड स्थित अपनी रसोई रेस्टोरेंट में रात 12 बजे अचानक आग लग गई। आग की लपटें और उठता धुआं देख वहां हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर सर्विस की टीम ने मोटर फायर इंजन के माध्यम से होजरील और होज पाइप फैलाकर आग को बुझाना शुरू किया। करीब एक घंटे बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। गनीमत रही की कोई जनहानि नहीं हुई। बताया जा रहा है, कि शॉट सर्किट के चलते रेस्टोरेंट में आग लगी। रेस्टोरेंट स्वामी के अनुसार हजारों का सामान जलकर स्वाहा हो गया।(एजेन्सी)

# अफसर कार्यप्रणाली में सुधार लाएं : डीएम

## गुणवत्ता के साथ विकास कार्य तेजी से पूर्ण करें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला योजना की बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा प्रगति रिपोर्ट नहीं मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अफसर अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाए। समय पर विकास कार्यों में तेजी लाते हुए गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों का कार्य प्रारंभ से पूर्व, कार्य प्रारंभ तथा कार्य पूर्ण होने तक तीन फोटोग्राफ्स उपलब्ध करायें। जिन विभागों के जो निर्माण कार्य प्रगति पर हैं या प्रारंभ होने वाले हैं वह उनका समय-समय पर निरीक्षण भी करें। जिससे कार्यों में कमी पाये जाने पर मौके पर ही उसका सुधारीकरण किया जा सकेगा



जिलाधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदण्डे बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

जिलाधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदण्डे की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला योजना वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु विभागीय योजनाओं में अवमुक्त एवं व्यय की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विभागों को पहली किश्त मिल गई है वह दूसरी किश्त की डिमांड 31 अक्तूबर तक भेज दें। डीएम ने पशुपालन, शिक्षा और स्वास्थ्य महकमे को विकास कार्यों की प्रगति जल्द देने के निर्देश दिए। डीएम ने लोनिवि और पर्यटन विभाग को प्रगति बढ़ाने, पूल्ड हाउस के लिए जल्द धनराशि की डिमांड करने के निर्देश दिए। कहा कि जिन विकास कार्यों के कार्य पूरे हो चुके हैं उन्हें जल्द भुगतान करे। जिलाधिकारी ने उद्यान अधिकारी को भौतिक लक्ष्य के सापेक्ष परिव्यय व वित्तीय प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को प्रत्येक माह विभिन्न स्थानों पर 4-4 सामान्य शिविर लगाने तथा कम से कम एक बहुउद्देशीय शिविर लगाने के निर्देश दिए। शिक्षा अधिकारी को जिला योजना, राज्य योजना, केंद्र योजना तथा बाह्य योजना का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन विभागों की कार्यों में कम प्रगति है उन विभागों की समीक्षा बैठक करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. पीएस बिष्ट, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड पौड़ी डीसी नौटियाल, डीएस कुठियाल, अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने, समाज कल्याण अधिकारी धंनजय लिंगवाल, खेल अधिकारी गिरीश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कोटद्वार में होगा गोला चलाने व तोप दागने का अभ्यास

पौड़ी : जनपद के कोटद्वार क्षेत्रांतर्गत युद्धाभ्यास और खुले क्षेत्र में गोला चलाने तथा तोप दागने का अभ्यास पांच वर्षों तक किया जाना है। अभ्यास 1 अगस्त से शुरू होगा जो 31 जुलाई 2027 तक चलेगा।

यह अभ्यास अधिनियम 1938 की धारा 9 की उपराधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए व अनुसूची में विनिर्दिष्टि क्षेत्र परिनिश्चित करते हुए, जिसमें 1 अगस्त 2022 को प्रारंभ होने वाली तथा 31 जुलाई, 2027 को समाप्त होगी। इस अवधि के लिए नियतकालिक रूप से खुले क्षेत्र में गोला चलाने व तोप दागने का अभ्यास किया जाना है। जिलाधिकारी ने बताया कि यह अभ्यास ग्राम काशीरामपुर, पट्टी सुखरौ में क्लासीफिकेशन रेंज के लिए डेंजर जोन एरिया 100.285 एकड़ पर है। उन्होंने उपजिलाधिकारी कोटद्वार को कोटद्वार फायरिंग रेंज का धारा-9(3) का प्रस्ताव विधिक औपचारिकताओं की पूर्ति करते हुए अनुपालन आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

# डेंगू के खिलाफ अभियान शुरू, सार्वजनिक स्थलों पर किया दवाओं का छिड़काव

जयन्त प्रतिनिधि। श्रीनगर : श्रीनगर में डेंगू के केस लगातार बढ़ने पर नगर निगम प्रशासन ने डेंगू के खिलाफ लगातार अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसके तहत शहर में गली, मोहल्लों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर लगातार फॉगिंग, एंटी लार्वा एवं अन्य जरूरी दवाओं का छिड़काव किया जाएगा।

अभियान की शुरुआत नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को नगर के प्रमुख बाजारों से कर दी है।

श्रीनगर में डेंगू का प्रकोट तेजी से बढ़ रहा है। गुरुवार को ही श्रीनगर बेस अस्पताल में 10 मरीजों का उपचार चल रहा था, जबकि उप जिला अस्पताल व बेस अस्पताल की ओपीडी में हर रोज डेंगू के मरीज आ रहे हैं। कोतवाली पुलिस के कुछ जवानों में भी डेंगू की शिकायत मिली है। जिसको देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने डेंगू से निपटने के लिए कमर कस दी है। नगर निगम के स्वास्थ्य निरीक्षक शशि पंवार ने कहा कि श्रीनगर में लगातार डेंगू के केस बढ़ने की शिकायतें मिल रही हैं। जिस पर नियंत्रण के लिए नगर निगम द्वारा शुक्रवार से लगातार फॉगिंग और एंटी डेंगू लार्वा दवाओं का छिड़काव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान लगातार चलाया जाएगा। उन्होंने लोगों से भी अपने आस–पास पानी एकत्रित न होने देने की अपील की है। साथ ही सुबह-शाम फुल स्लीव के कपड़े पहनने की अपील की है।

## 14 नवंबर तक भरे आवेदन फार्म

श्रीनगर : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि से संबद्ध महाविद्यालयों, संस्थानों के सत्र 2021–22 के स्नातक, स्नातकोत्तर के पैरामेडिकल, नर्सिंग पाठ्यक्रमों में निर्धारित सीटों के आधार पर द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष/सेमेस्टर की मुख्य, भूतपूर्व एवं बैक पेपर एवं प्रथम वर्ष के भूतपूर्व व बैक पेपर परीक्षाओं के आवेदन पत्र 14 नवंबर तक भरे जाएंगे।

# हाईस्कूल की परीक्षा में 6088 और इंटर में 6434 परीक्षार्थी देगें परीक्षा

चमोली : उत्तराखण्ड परिषदीय परीक्षा वर्ष 2022-23 की तैयारियों को लेकर गुरूवार को मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र की अध्यक्षता में परिषदीय परीक्षा केन्द्र निर्धारण समिति की बैठक हुई। जिसमें नवीन परीक्षा केन्द्रों के लिए मिले प्रस्तावों, संवदेनशील एवं अधिक दूरी वाले परीक्षा केन्द्रों पर विचार विमर्श एवं चर्चा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि ऐसे परीक्षा केन्द्र जिनकी दूरी 10 किलोमीटर से अधिक है और मुख्य मार्ग नहीं है, ऐसे विद्यालयों के छात्र हित में नवीन परीक्षा केन्द्र बनाने हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा जाए। सभी परीक्षा केन्द्रों पर विद्युत, पेयजल, शौचालय, फर्नीचर आदि



व्यवस्थाओं की भंलीभांति जांच कर ली जाए। जहां पर कोई कमी है, उसे समय रहते उसको दूर करें। इस दौरान प्रस्तावित नए परीक्षा केन्द्रों की भौगोलिक परिस्थितियों एवं मानकों पर भी विचार विमर्श किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला ने बताया कि वर्ष 2022-23 में हाईस्कूल परीक्षा के लिए 102 एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा के लिए 100 केन्द्र बनाए गए है। इस वर्ष 6088 छात्र-छात्राएं हाईस्कूल की परीक्षा में शामिल होंगे। जिसमें 3279 छात्र तथा 2809 छात्राएं है। इण्टरमीडिएट परीक्षा में 3389 छात्र तथा 3045 छात्राओं सहित कुल 6434 विद्यार्थी शामिल होगे। जिले में 26 परीक्षा केन्द्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। अतिसंवेदन शील में कोई भी परीक्षा केन्द्र नही है। राइका गोपेश्वर, कर्णप्रयाग तथा थराली को संकलन केन्द्र बनाया गया है। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी डा. भाष्कर बेबनी, प्रधानचार्य ललित मोहन बिष्ट व केएस बडवाल, बीईओ प्रतिनिधि जेएस माहिरा, आशीष रावत, एचएल आगरी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गजेन्द्र लाल टम्टा, परीक्षा प्रभारी संतन रावत आदि उपस्थित थे। (एजेन्सी)

## साइबर सेल ने वापस दिलाई धनराशि

नई टिहरी : पुलिस की साइबर क्राइम सेल ने गलती से ट्रांसफर हुई राशि पीड़ितों को वापस दिलाकर राहत प्रदान की। लोगों ने पुलिस की मदद की सराहना की। पुलिस की मीडिया सेल ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के तहत गलती से ट्रांसफर हुई 1 लाख 13 हजार 500 की धनराशि पीड़ितों को वापस करवाई गई है। जिससे पीड़ितों को राहत मिली है। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देश पर साइबर क्राइम सेल ने यह कार्यवाही की है। शिकायत कर्ता चंबा निवासी प्रकाश असवाल ने गलती से महाराष्ट्र के एसबीआई खाते में एक लाख की धनराशि ट्रांसफर कर दी। शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर पुलिस ने यह धनराशि पीड़ित के खाते में वापस दिलाई।

# अमरदेई शाह बनी जिला पंचायत अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्धारित कार्यक्रमानुसार जनपद रुद्रप्रयाग का जिला पंचायत अध्यक्ष पद का उप निर्वाचन जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट मयूर दीक्षित की निगरानी में विकास भवन सभागार में कड़ी सुरक्षा एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

जिला पंचायत अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन हेतु 2 उम्मीदवारों द्वारा अपने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए थे, जिसमें जिला पंचायत सदस्य वार्ड संख्या-8 बजीरा से श्रीमती अमरदेई शाह तथा वार्ड संख्या-9 सुमाड़ी से श्रीमती ज्योति देवी उम्मीदवार थी। जिला पंचायत के 18 सदस्यों में से 17 सदस्यों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया जिसमें जिला पंचायत वार्ड



जिला निर्वाचन अधिकारी नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष को विजय प्रमाण–पत्र निर्गत करते हुए।

संख्या-8 बजीरा से उम्मीदवार श्रीमती अमरदेई शाह को 11 मत प्राप्त हुए तथा जिला पंचायत वार्ड संख्या-9 सुमाड़ी से श्रीमती ज्योति देवी को 6 मत प्राप्त हुए तथा श्रीमती अमरदेई शाह ने 5 मतों से विजय हासिल की। जिला निर्वाचन अधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला पंचायत अध्यक्ष पद के निर्वाचित उम्मीदवार को विजय प्रमाण-पत्र निर्गत किया। इस अवसर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी अपर्णा ढौंडियाल, पीठासीन अधिकारी कपिल पांडे, मतदान अधिकारी किशन रावत, भाष्करानंद पुरोहित सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पांडव नृत्य देखने को उमड़ी दर्शकों की भारी भीड़

नई टिहरी : भिलंगना ब्लाक के सिलयारा गांव में आयोजित पौराणिक पांडव नृत्य आयोजन के दूसरे दिन पांडव पश्वाओं, देव डोलियों और ग्रामीणों ने ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया। पांडव नृत्य को देखने के लिये दर्शकों की भारी भीड़ जुटी रही। घनसाली के सिलयारा गांव में 16 दिवसीय पांडव नृत्य के दूसरे दिन ग्रामीणों ने पांडवों, ग्राम देवता नागराज और भैरव का आशीर्वाद लेकर देवताओं को चावल और पिठाई भेंट की।

पांडव नृत्य में श्रीनगर गढ़वाल विश्वविद्यालय में संस्कृति विभाग में विजिटिंग प्रोफेसर के तौर पर ढोल सागर का प्रशिक्षण दे रहे सोहन लाल ने अपनी ढोल की थाप पर पांडव और देवताओं के पश्वाओं को नृत्य करवाया।



शुक्रवार को पांडव नृत्य के दूसरे दिन द्रोपदी की उत्पति की कथा को काव्य शैली में गाकर देव डोलियों के साथ ग्रामीण नृत्य करने पर मजबूर हो गये। पांडव पश्वाओं ने पारम्परिक वेश भूषा के साथ हाथों में धनुष, बाण, गदा, लाठी, पाटी व द्रोपदी ने हाथों में कटार लेकर नृत्य किया। ढोल वादक सोहन लाल ने कहा कि पांडव नृत्य महाभारत कथा के आधार पर आयोजित किया जाता है, जिसमे कुछ चीजें स्थानीय लोगों द्वारा पारम्परिक रूप से जोड़ी गई है। पांडवों द्वारा पूजन स्थल पर पैंया,चीड़ व केले की पौध रोपी जाती है, आयोजन के अंतिम तीन दिन जंगल में पौध का पूजन किया जाता है। (एजेन्सी)

## बदरीनाथ मास्टर प्लान : तेजी से चल रहा निर्माण कार्य

चमोली : बदरीनाथ की भव्यता को दिव्यता देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट बद्रीनाथ मास्टर प्लान के तहत निर्माण कार्य तेजी से जारी है। 19 नवंबर को बद्रीनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद हो जायेंगे। दिसंबर से लेकर फरवरी माह तक बद्रीनाथ बर्फ से आच्छादित रहता है।

इसलिए बर्फ में निर्माण कार्य मुश्किल हो जाता है। शीतकाल से पहले पहले बद्रीनाथ मास्टर प्लान का अधिकांश कार्य पूरा करना चुनौती बना है। निर्माण एजेंसियां तेजी से निर्माण कार्य में लगी हैं। सैकड़ों मजदूर और मशीनें कार्यों पर जुटी हैं। बद्रीनाथ मास्टर प्लान के प्रथम चरण में अराइवल प्लाजा, रिवर फ्रंट निर्माण कार्य, ग्रेफ की सड़कों का निर्माण के साथ साथ दो बड़ी झीलों को खूबसूरत बनाने का निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है। साथ ही अस्पताल के विस्तारीकरण का कार्य भी बद्रीनाथ मास्टर प्लान के तहत होना है। (एजेन्सी)

# एएनएम व स्टॉफ नर्स के पदों पर शीघ्र होगी भर्ती : डॉ. धन सिंह रावत

देहरादून। सूबे के सभी राजकीय मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों में लम्बे समय से रिक्त चल रहे एएनएम, स्टॉफ नर्स व सीएचओ के करीब चार हजार से अधिक पदों पर शीघ्र भर्ती की जायेगी। इसके लिये विभाग द्वारा चयन प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। राज्य की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए सभी राजकीय मेडिकल कॉलेजों एवं जिला अस्पतालों में एमआरआई, सीटी स्कैन, एक्स–रे व अल्ट्रासाउंड सुविधाएं उपलब्ध कराने व टेक्नीकल स्टॉफ नियुक्त करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं। जिला अस्पताल, संयुक्त चिकित्सालयों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मरीजों की सहायता एवं अस्पताल की



व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने हेतु गठित रोगी कल्याण समिति में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी।चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने आज स्वास्थ्य महानिदेशालय में विभागीय उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें उन्होंने प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों में लम्बे समय से रिक्त चल रहे स्टॉफ नर्स के 2800 पदों, एएनएम के 824 पदों को वर्षवार भरे जाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। डॉ0 रावत ने बताया कि एनएचएम के अंतर्गत स्वीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के 664 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया को शीघ्र सम्पन्न कर लिया जायेगा।

# बोल हीरा बोल और लोंड़ा चंदरा गीत पर जमकर थिरके दर्शक

चमोली : मेहलचौंरी के खेल मैदान लोक संस्कृति एवं कृषि विकास मेले में शुक्रवार की संध्या कुमांऊनी लोक गायक इंदर आर्य एवं बेबी प्रियंका के नाम रही। लोक गीतों की शुरूवात है ह्यनंदा माईह्न गीत से हुयी। उसके बाद ह्यबोल हीरा बोलह्न तथा ह्यलोड़ा चंदराह्न पर दर्शक जम कर थिरके।

विद्यायलों की झांकियों ने गंगा पब्लिक स्कूल पहले, केबीएस सदन दूसरे तथा राआइंका मेहलचौंरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं ममंदलों में बिसराखेत पहले, मंदिर समिति दूसरे तथा थाला एवं माईथान संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहा,स्टाल प्रर्दशन में शिक्षा विभाग पहले, भरसार विवि दूसरे तथा महिला सशक्तिकरण माईथान तीसरे स्थान पर रहा। लोक गीत में राआइंका मेहलचौंरी पहले, केबीएस सदन दूसरे तथा विद्यामंदिर ने तीसरा, प्राथमिक वर्ग आगरचटटी प्रथम, गंगा पब्लिक स्कूल दूसरे तथा राप्रावि सिमली तीसरे स्थान पर रहा। महिलाओं की रस्सा कस्सी में बिसराखेत एवं हरसारी के बीच फाइनल मुकाबला होगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ने मेले को दो लाख की राशि के साथ ही प्रतिभाग करने वाले विद्यालयों को 20-20 हजार तथा ममंदलों को जरूरत के अनुसार सामाग्री देने की घोषणा की। इस मौके पर प्रमुख शशि सोरियाल, मेला अध्यक्ष सुरेश कुमार,प्रमुख चौखुटिया किरन बिष्ट, गिरीश डिमरी, एचएस रावत, अवतार पुण्डीर, केएस कंडारी, एचएस बिष्ट, जेएस रावत, रेवती बिष्ट, पृथ्वी बिष्ट, केदार नेगी, विरेन्द्र टम्टा, सुरेन्द्र रावत, गोर्वधन प्रसाद, लीलाधर जोशी, प्रेम जोशी, दिगंबर नेगी आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## श्रीमद्भवगत कथा मुक्ति का सर्वश्रेष्ठ साधन

नई टिहरी : शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी माधवाश्रम महाराज की पंचम निर्वाण दिवस पर सनातन धर्म शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर नई टिहरी में दंडी वाड़ा आश्रम मायाकुंड ऋषिकेश के सहयोग से श्रीमद्भगवत कथा का आयोजन किया। कथा श्रवण करने पहुंचे लोगों ने व्यास पीठ से सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया।

कथा व्यास महंत अभय चैतन्यानंद महाराज ने कहा कि सनातन धर्म शास्त्र में श्रीमद्भवगत कथा मुक्ति का सर्वश्रेष्ठ साधन है। जीवात्मा की उन्नति का मार्ग भागवत के श्रवण से ही संभव होता है।

व्यास ने कहा कि व्यक्ति को भौतिकता की दौड़ में इतना अंधा नहीं होना चाहिए कि वह देवताओं और ऋषियों की परंपराओं त्याग दें। कहा श्रीमद्भगवत कथा श्रवण से व्यक्ति को अपने स्वार्थ को त्यागने की शिक्षा मिलती है। मौके पर बाल व्यास बालकृष्ण चमोली, दंडी वाड़ा आश्रम के प्रबंधक केशव स्वरूप ब्रह्मचारी, राजेंद्र प्रसाद चमोली, सीताराम भट्ट, डा. जेपी बहुगुणा, धनेश सोनी, विक्रम कठैत, त्रिलोक चंद्र रमोला, वाचस्पति चमोली, भगवान चंद रमोला आदि उपस्थित थे। (एजेन्सी)

# जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उठाएं सवाल

चमोली : शुक्रवार को आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने चमोली जनपद में अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल खड़े किए। पंचायत प्रतिनाधियों ने कहा कि पहले तो अधिकारी बैठकों में नहीं पहुंचते। यदि प्रतिनिधि समस्याएं रखते भी हैं तो उन पर पर तीन माह बीतने के बाद भी कार्रवाई नहीं होती है।

विकासखंड सभागार में प्रमुख चंद्रेश्वरी देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एडीओ पंचायत एमएम नगवाल ने पूर्व की बैठक की कार्रवाई पढ़नी शुरू की। जिसमें दर्ज अधिकांश समस्याओं का समाधान नहीं होने पर प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने नाराजगी जताई। प्रधान संघ के ब्लाक महामंत्री गौतम मिंगवाल ने बताया कि बीडीसी बैठकों को अधिकारी संजीदा नहीं ले रहे हैं। शुक्रवार को स्तरीय अधिकारी बैठक में नहीं थे। न तो पूर्व की बैठक में दर्ज समस्याओं का निस्तारण किया गया। ऐसे में ग्रामीण समस्याओं का निस्तारण कौन करेगा यह सवाल बना है। बैठक में उत्तरों की क्षेत्र पंचायत सदस्य अंजना देवी ने मैखुरा सड़क का डामरीकरण करने एंड के प्रधान कुलदीप ने सड़क का निर्माण गुणवत्तापूरक करने सहित जंगली जानवरों की समस्याएं, सिंचाई, पेयजल और शिक्षा से संबधित मुद्दों पर चर्चा की।

# गुस्साएं लोगों ने फूंका सरकार का पुतला

चमोली : देवाल में हुए पिंकी हत्याकांड में हत्यारोपी की अब तक गिरफ्तारी न होने और रतगांव निवासी बीरेंद्र राम की हत्या की आशंका के मामले में अब तक गिरफ्तारी न होने से गुस्साएं लोगों ने थराली के देवाल तिराहे से तहसील तक जन आक्रोश रैली निकाली। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जबकि तहसील मुख्यालय के बाहर सरकार का पुतला भी जलाया। शुक्रवार को पूर्व से ही निर्धारित कार्यक्रम के तहत समृद्ध भारत संगठन के बैनर तले थराली ओर आस पास के संगठन से जुड़े पिण्डर घाटी के कार्यकर्ता देवाल तिराहे पर एकत्र हुए। जुलूस के रूप में थराली के विभिन्न बाजारों से होते हुए तहसील पहुंचे। जहां पर सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ऐसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने देवाल मोटर मार्ग पर राडीबगड़ में तहसील निकट



सरकार का पुतला भी जलाया। प्रदर्शनकारियों ने शीघ्रता से पिंकी एवं वीरेंद्र राम के हत्यारों को पकड़ने की मांग की है। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पुलिस रिपोर्ट लिखाने के बाद तीन माह बीत गए हैं। बावजूद हत्यारों को नहीं पकड़ा गया है। प्रदर्शनकारियों ने सरकार एवं प्रशासन को चेतावनी दी कि दो-तीन दिन में यदि सकारात्मक कार्यवाही नहीं हो पाई तो आंदोलन को व्यापक बनाया जाएगा। प्रदर्शनकारियों में यूकेडी के भूपाल सिंह गुसाईं, थराली कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष विनोद रावत दौलत कुंवर, हरि राम, खीमाराम कोठियाल, उमेश पुरोहित आदि उपस्थित थे। (एजेन्सी)

## तहसील दिवस 1 नवंबर को

जयन्त प्रतिनिधि।रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में आगामी मंगलवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय तिमली (बसुकेदार) में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान समस्त विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे, ताकि प्राप्त शिकायतों का यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया जा सके। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रभारी तहसीलदार बसुकेदार राम किशोर ध्यानी ने अवगत कराया कि अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में तहसील बसुकेदार के अंतर्गत राप्रावि तिमली में 1 नवंबर को तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने संबंधित क्षेत्र के समस्त राजस्व उपनिरीक्षकों आयोजित होने वाले तहसील दिवस से संबंधित सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के साथ ही अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।


उत्तर रेलवे

ई-नीलामी

• मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेन के 27 एस.एल.आरः

13010 (F-I, F-II, R-I), 12370 (F-I, F-II, R-I), 19566 (F-I, F-II, R-I), 12912 (F-I), 14308 (F-I, F-II, R-I), 14631 (F-I, F-II, R-I), 19610 (F-I, F-II, R-I), 14266 (F-I, F-II, R-I), 15006 (F-I) 14230 (F-I, F-II, R-I), 12056 (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 11.11.2022 (Timings: 10:30 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलग्न कर प्रकाशन हेतु आपके पास भेजी जा रही है। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं। 2875/2022

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सम्पादकीय


## साइबर क्राइम का प्रकोप

इंटरनेट के इस युग में हर व्यक्ति के लिए जहां सहूलियत बड़ी है वही ठगी की गई नए रास्ते भी शातिर लोगो ने ढूंढ निकाले हैं। उत्तराखंड में साइबर ऋाइम की घटनाएं बेहद तेजी से बढ़ी है और एक समय तो ऐसा भी आया था जब उत्तराखंड को देश में साइबर ऋाइम की दिशा में हॉटस्पॉट माना गया था। स्थिति यह है कि पेंशन में भी साइबर ऋाइम का प्रकोप देखा जा रहा है और पेंशन की विभिन्न समस्याओं को लेकर शातिर लोग अब पेंशन भोगियों के खातों पर हाथ साफ कर रहे हैं। यह जरूरी है कि ऑनलाइन पेमेंट से लेकर ऑनलाइन किसी भी प्रकार की ट्रांजैक्शन करने पर सावधानिया बेहद जरूरी हैं, लेकिन गाहे–बगाहे अक्सर जागरूकता के बावजूद भी लोग साइबर ऋाइम ठगों के शिकंजे में फंस जाते हैं। उत्तराखंड में इन दिनों पेंशन पुनरनिरीक्षण एवं लाइफ सर्टिफिकेट भरवाने की आड़ में साइबर ठग सक्रिय है। यह लोग पेंशनरों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। इससे पूर्व भी साइबर ऋाइम ठग अलग–अलग बहाने बनाकर लोगों की पूजी पर हाथ साफ करते आए हैं। कभी आधार कार्ड में अपडेट तो कभी आधार कार्ड को राशन कार्ड या फिर पैन कार्ड से लिंक करने के नाम पर ठगी की जाती है। देश भर की स्थानीय पुलिस साइबर ठगों की इन कार्य स्थानीय को लेकर आम आदमी को जागरूक करने की कोशिश करती रहती है लेकिन अज्ञानता कहें या फिर कच्चा लालच, कई बार लोग साइबर ठगों के कब्जे में आ ही जाते हैं। उत्तराखंड को साइबर ठगों ने अपने सॉफ्ट टारगेट में रखा है और यहां घटनाओं की पुनरावृति जो एक बार शुरू हुई तो वह आज तक रुक नहीं पाई है। आम नागरिकों को साइबर ठगों की कारस्तानी ऊपर सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि अक्सर देखा गया है कि सतर्क रहने के बावजूद भी लोग इनकी शातिर बुद्धि का शिकार बन ही जाते हैं। साइबर ठगों को कब्जे में करना कोई आसान काम नहीं है क्योंकि इसके लिए एक बड़े नेटवर्क से लेकर तकनीकी ज्ञान बेहद जरूरी है। एक बार ठगी होने के बाद यह मान लेना चाहिए कि भले ही ठग पकड़े जाएं लेकिन आप की जमा पूंजी का वापस मिलना बेहद ही मुश्किल है अतः सबसे जरूरी यही है कि सतर्क रहा जाए और ऐसी किसी भी कॉल को नजरअंदाज कर दें जो पैसों की मांग करती हो या फिर आपको कच्चा लालच देने की कोशिश करें। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने खाते से संबंधित जानकारी कभी भी किसी के साथ साझा ना करें और ना ही किसी भी प्रकार का ओटीपी किसी को भी बताएं।

# अनिवार्य मतदान की तरफ बढ़ता भारत!

अजीत द्विवेदी

**संसद में भी इसी साल अनिवार्य मतदान को लेकर चर्चा हुई है, जिसमें हिस्सा लेने वाले भाजपा के सभी सांसदों ने इस विचार का समर्थन कया। भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिगरीवाल के अनिवार्य मतदान विधेयक 2019 पर इस साल बजट सत्र में चर्चा हुई। हालांकि भाजपा सांसदों के समर्थन के बावजूद सरकार ने इसका समर्थन नहीं किया। इसके बाद फिर मनसून सत्र में भाजपा के एक दूसरे सांसद दीपक प्रकाश ने अनिवार्य मतदान का निजी विधेयक पेश किया। ऐसा लग रहा है कि गुजरात में पास हुए कानून से प्रभावित होकर भाजपा के सांसद अनिवार्य मतदान के विधेयक पेश कर रहे हैं। सिगरीवाल के विधेयक पर संसद पर चर्चा के दौरान कई सांसदों ने मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोडने की बात कही, जिस दिशा में चुनाव आयोग पहले ही कदम बढ़ा चुका है। मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोडना अनिवार्य नहीं है लेकिन ऐसे प्रावधान किए गए हैं कि वह एक तरह से अनिवार्य हो गया है।**



भारत धीरे धीरे अनिवार्य मतदान की दिशा में बढ़ रहा है। कुछ प्रयास चुनाव आयोग कर रहा है और कुछ सरकारी स्तर पर हो रहे हैं। हालांकि चुनाव आयुक्त रह चुके कई अधिकारियों ने इस विचार का विरोध किया है। उनको लगता है कि एक जीवंत लोकतंत्र के लिए अनिवार्य मतदान घातक हो सकता है क्योंकि यह लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करेगा। लोकतंत्र में मतदान नहीं करना भी एक किस्म का जनादेश होता है। आखिर चुनाव आयोग ने श्नोटा यानी श्इनमें से कोई नहीं का विकल्प ईवीएम में जोड़ा है। अगर चुनाव लड़ रहे किसी उम्मीदवार को वोट नहीं देना मतदाता का अधिकार है तो चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेना भी उसी तरह से उसका अधिकार होना चाहिए। उसे सिर्फ उम्मीदवार को खारिज करने का मौका क्यों मिले, उसे मतदान प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेकर पूरी सरकार और व्यवस्था के विरोध का भी अधिकार मिलना चाहिए। यह एक सैद्धांतिक स्थित है लेकिन व्यावहारिक रूप से भी भारत जैसे भौगोलिक विशालता और विविधता वाले देश में इस तरह का कानून व्यावहारिक नहीं है।

इस हकीकत को जानने के बावजूद अनिवार्य मतदान की व्यवस्था लाने के प्रयास होते रहते हैं। चुनाव आयोग की ओर से हाल के दिनों में कुछ ऐसी पहल हुई है, जिससे यह संकेत मिलता है कि प्रत्यक्ष रूप से कानून बना कर मतदान अनिवार्य करने की बजाय पिछले दरवाजे से इसे लागू करने के प्रयास हो रहे हैं। यह संयोग नहीं है कि इसकी शुरुआत भी गुजरात में हुई है, जहां स्थानीय निकाय चुनावों में अनिवार्य मतदान का कानून पास हुआ है और जहां मुख्यमंत्री रहते नरेंद्र मोदी ने दो बार अनिवार्य मतदान का विधेयक विधानसभा से पास कराया था। मुख्यमंत्री के तौर पर मोदी के दोनों प्रयास विफल हो गए थे क्योंकि तब की राज्यपाल कमला बेनीवाल ने अनिवार्य मतदान के विधेयकों को नागरिकों की आजादी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का विरोधी बता कर और संविधान के अनुच्टेद 19 का हवाला देते हुए वापस कर दिया था। बाद में जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी और भाजपा नेता ओपी कोहली गुजरात के राज्यपाल बने तब स्थानीय निकायों में अनिवार्य मतदान के विधेयक को उन्होंने मंजूरी दे दी।

बहरहाल, नई पहल भी गुजरात से हुई है। राज्य में अगले कुछ दिन में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने गुजरात की एक हजार से ज्यादा कंपनियों के साथ एक समझौता ज्ञापन यानी एमओयू पर दस्तखत किए हैं। कंपनियों ने चुनाव आयोग से करार किया है कि वे अपने यहां काम करने वाले सभी कर्मचारियों को मतदान के लिए कहेंगी और जो कर्मचारी मतदान नहीं करेगा, उसका नाम कंपनी की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा और अफिस के अंदर नोटिस बोर्ड पर लगाया जाएगा। इसका मकसद मतदान नहीं करने वाले कर्मचारियों को शर्मिंदा करना है। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी पी भारती का कहना है कि चुनाव आयोग मतदाताओं की भागीदारी पर नजर रख रहा है। मतदाताओं की भागीदारी पर नजर रखना एक बात है और भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नाम लेकर उसे शर्मिंदा करने का प्रस्ताव बिल्कुल दूसरी चीज है। यह एक नागरिक की निजता और स्वाभिमान के प्रतिकूल है, जिसे तत्काल वापस लेना चाहिए। इतना ही नहीं चुनाव आयोग ने यह योजना भी बनाई है कि जो भी व्यक्ति मतदान नहीं करेगा उसको आयोग की ओर से टेलीफोन किया जाएगा। उसमें क्या कहा जाएगा, यह नहीं बताया गया है लेकिन निश्चित रूप से कारण पूछा जाएगा। यह भी संवैधानिक प्रावधानों के अनुकूल नहीं होगा।

अनिवार्य मतदान की दिशा में भारत के बढने का एक संकेत जून में चुनाव आयोग की ओर से की गई पहल से भी मिलता है। चुनाव आयोग ने इस साल जून में केंद्र सरकार और राज्य सरकार के सभी विभागों और सार्वजनिक उपक्रमों को एक चिाी लिखी, जिसमें उनसे कहा गया कि जिन विभागों में काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या पांच सौ या उससे ज्यादा है वे अपने यहां एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें, जो इस बात का पता लगाएगा कि मतदान के दिन कौन कमर्चारी उपलब्ध होने के बावजूद वोट डालने नहीं गया यानी मतदान नहीं किया। उसके बाद उस व्यक्ति के साथ क्या करना है यह आयोग ने नहीं बताया है लेकिन जाहिर है, जब प्रयास करके या जांच करके पता लगाया जाएगा कि किसने जान-बूझकर मतदान नहीं किया है तो उसके खिलाफ किसी न किसी तरह की कार्रवाई होगी। उसे सजा भले न दी जाए लेकिन शर्मिंदा करना भी एक तरह की सजा ही है।

संसद में भी इसी साल अनिवार्य मतदान को लेकर चर्चा हुई है, जिसमें हिस्सा लेने वाले भाजपा के सभी सांसदों ने इस विचार का समर्थन कया। भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिगरीवाल के अनिवार्य मतदान विधेयक 2019 पर इस साल बजट सत्र में चर्चा हुई। हालांकि भाजपा सांसदों के समर्थन के बावजूद सरकार ने इसका समर्थन नहीं किया। इसके बाद फिर मनसून सत्र में भाजपा के एक दूसरे सांसद दीपक प्रकाश ने अनिवार्य मतदान का निजी विधेयक पेश किया। ऐसा लग रहा है कि गुजरात में पास हुए कानून से प्रभावित होकर भाजपा के सांसद अनिवार्य मतदान के विधेयक पेश कर रहे हैं। सिगरीवाल के विधेयक पर संसद पर चर्चा के दौरान कई सांसदों ने मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोडने की बात कही, जिस दिशा में चुनाव आयोग पहले ही कदम बढ़ा चुका है। मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोडना अनिवार्य नहीं है लेकिन ऐसे प्रावधान किए गए हैं कि वह एक तरह से अनिवार्य हो गया है। जो भी मतदाता अपना आधार वोटर आईडी के साथ लिंक नहीं कराएगा उसे इसका वाजिब कारण बताना होगा। उसके बताए कारण से आयोग का संतुष्ट होना जरूरी है। सवाल है कि सैद्धांतिक विरोध को छोड़ कर कोई भी व्यक्ति इसका क्या वाजिब कारण बता सकता है? और जाहिर है कि सैद्धांतिक विरोध का कोई भी तर्क आयोग को संतुष्ट नहीं कर पाएगा!

बहरहाल, अच्छा यह होता कि चुनाव आयोग अनिवार्य मतदान के प्रावधान करने या मतदाताओं को वोट डालने के लिए बाध्य करने के उपायों की बजाय उसी रास्ते पर चलता, जिस पर अभी चल रहा है। आयोग अभी मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई उपाय करता है। जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। मतदाता दिवस के मौके पर 25 जनवरी को शिविर लगते हैं और मतदान केंद्रों पर पहचान पत्र बांटे जाते हैं। आयोग लोकप्रिय व्यक्तियों को एंबेसेडर बना कर उनके जरिए लोगों को प्रेरित करता है। इस तरह के उपायों से राष्ट्रीय चुनावों में मतदान का प्रतिशत 67 तक पहुंच गया है। कई राज्यों में मतदान का प्रतिशत 80 फीसदी से ऊपर पहुंच गया है। ऐसे ही उपायों से मतदान का प्रतिशत और बढ़ाया जा सकता है। सरकार और चुनाव आयोग दोनों को यह ध्यान रखना चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा लोगों का मतदान करना ही लोकतंत्र के सुरक्षित होने की गारंटी नहीं है। इसके लिए और भी उपाय करने की जरूरत है।

इसके लिए जरूरी है कि आपराधिक लोगों को चुनाव लडने से रोका जाए, चुनाव में होने वाला बेहिसाब खर्च कम किया जाए ताकि गरीब लोग भी चुनाव लड़ सकें, चुनाव स्वतंत्र व निष्पक्ष हो, जिससे लोगों का इस प्रक्रिया में भरोसा बढ़े और सबसे ऊपर चुनी हुई सरकारें संविधान के हिसाब से काम करें ताकि लोगों के लोकतांत्रिक अधिकार सुरक्षित रहें तो अपने आप लोकतंत्र मजबूत होगा। दुनिया के कोई तीन दर्जन देशों में अनिवार्य मतदान का कानून लागू है, लेकिन वो ज्यादातर छोटे देश हैं और उनकी आबादी कम है। भारत के 140 करोड़ लोगों की आबादी में 90 करोड़ से ज्यादा मतदाता हैं। अगर 30 फीसदी लोग भी मतदान नहीं करते हैं तो क्या सरकार 27 करोड़ लोगों को सजा दे सकती है? इससे कैसी अराजकता फैलेगी, इसका सिर्फ अंदाजा लगाया जा सकता है।

# नोट पर किसकी तस्वीर लगे?

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने भारतीय मुद्रा पर लगने वाली तस्वीर को लेकर काफी समय से चल रही बहस को आगे बढ़ाया है। कुछ दिन पहले भाजपा के नेता सुब्रह्मण्यम स्वामी ने एक कार्यक्रम में रुपए पर लक्ष्मी और गणेश की तस्वीर लगाने की बात कही थी। अब अरविंद केजरीवाल ने भी यहीं बात कही है। उन्होंने कहा है कि दिवाली के मौके पर लक्ष्मी पूजन करते हुए उनके दिमाग में यह बात आई। उनके कहने के बाद उनकी पार्टी ने प्रेस कांफ्रेंस करके कहा कि यह सिर्फ अरविंद केजरीवाल का सुझाव नहीं है, बल्कि देश के 130 करोड़ लोगों का सुझाव है। पता नहीं केजरीवाल को 130 करोड़ लोगों का प्रतिनिधि किसने बना दिया?

बहरहाल, केजरीवाल के सुझाव से यह बहस चल निकली है। इसके राजनीतिक पहलू अपनी जगह हैं लेकिन उनके सुझाव से यह सवाल उठा है कि क्या रुपए पर दूसरी तरफ कोई तस्वीर छपनी चाहिए? एक तरफ महात्मा गांधी की तस्वीर होती है, जिसके बारे में केजरीवाल ने कहा कि उसे बनाए रखा जाए और दूसरी तरफ लक्ष्मी और गणेश की तस्वीर लगे। इससे पहले भाजपा और कई हिंदुवादी संगठनों के नेता कुछ दिन पहले से मांग कर रहे हैं कि रुपए पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर भी लगे क्योंकि आजादी की लड़ाई में उनका योगदान भी महात्मा गांधी से कम नहीं है।

सो, लक्ष्मी और गणेश की तस्वीर का मुद्दा आने से पहले सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर लगाने का मुद्दा आ चुका है। उससे भी पहले सोशल मीडिया में एक बड़ा समूह था, जो विनायक दामोदर सावरकर की तस्वीर लगाने की मांग करता था। जब केजरीवाल ने लक्ष्मी व गणेश की तस्वीर लगाने का सुझाव दिया तो कई लोगों ने कहा कि सावरकर की तस्वीर न लगे, इसलिए केजरीवाल ने यह सुझाव दिया है। सो, रुपए पर तस्वीर लगाने के लिए नेताजी, सावरकर और लक्ष्मी व गणेश का प्रस्ताव आ चुका है।

अगर दुनिया की दो सबसे मजबूत और लोकप्रिय मुद्राओं- डलर और पाउंड को देखें तो उन पर अलग अलग लोगों की तस्वीरें होती हैं। हर मूल्य के पाउंड पर सामने की तरफ महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की तस्वीर होती है और अलग अलग मूल्य के पाउंड पर दूसरी ओर एलन ट्यूरिंग से लेकर विंस्टन चर्चिल तक की तस्वीरें हैं। महारानी के निधन के बाद तस्वीर बदल सकती है और किंग चार्ल्स तृतीय की तस्वीर छप सकती है। अलग अलग मूल्य के डलर पर भी जर्ज वाशिंगटन से लेकर अब्राहम लिंकन की तस्वीरें हैं। सो, भारत में भी अलग अलग मूल्य के रुपए पर एक तरफ महात्मा गांधी की फोटो रखते हुए दूसरी ओर अन्य महापुरुषों की तस्वीर लगाई जा सकती है। जैसा कि केजरीवाल ने कहा है कि लक्ष्मी और गणेश की तस्वीर भी लगाई जा सकती है।

## गौरतलब गुटारेश की बातें

इस प्रश्न पर देश में आत्म-मंथन होना चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव को भारत में आकर यह बुनियादी बात कहने की जरूरत क्यों महसूस हुई? और ये बातें आज सरकार की आलोचना क्यों मालूम पड़ती हैं?

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटारेश ने भारत पहुंचते ही जो टिप्पणी की, उससे यह अंदाजा लगता है कि आज दुनिया की मुख्यधारा भारत को किस नजर से देख रही है। गुटारेश एक आधिकारिक पद पर हैं। इसलिए वे जो कहते हैं, उसे एक तरह से संयुक्त राष्ट्र का बयान भी समझा जाता है। इसीलिए उनकी बातों को सिरे से नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, हालांकि भारतीय मीडिया के ज्यादातर हिस्से में ऐसे ही किया गया है। गौरतलब है कि गुटेरेश की यात्रा की शुरूआत मुंबई से हुई। उन्होंने मुंबई के होटल ताज पैलेस में 26⁄11 के आतंकवादी हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि दी। वहां उन्होंने कहा कि कोई भी कारण आतंकवाद को सही नहीं ठहरा सकता। मुंबई की घटना को उन्होंने इतिहास की सबसे बर्बर आतंकवादी हमलों में एक बताया। इसके बाद वे आईआईटी बम्बे के छात्रों को संबोधित करने गए। वहां उन्होंने भारत को अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की सीख दी।

कहा- ष्मानवाधिकार परिषद के एक निर्वाचित सदस्य के रूप में भारत पर वैश्विक मानवाधिकारों को आकार देने और अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों समेत सभी व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा और उसे बढ़ावा देने की जिम्मेदारी है। मानवाधिकारों के सम्मान के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता दिखाकर ही विश्व में भारत अपनी बात को स्वीकार्यता और विश्वसनीयता दिला सकता है।ष इस प्रश्न पर देश में आत्म-मंथन होना चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव को भारत में आकर यह बुनियादी बात कहने की जरूरत क्यों महसूस हुई? क्या इसकी वजह दुनिया में इस आलोचना की बढ़ती विश्वसनीयता नहीं है कि भारत में अल्पसंख्यकों के उत्पीडन और उनके खिलाफ हेट स्पीच में तेजी आई है? साथ ही सरकार के आलोचकों के प्रति भी नफरत बढ़ी है? गुटारेश ने पत्रकारों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, छात्रों और शिक्षाविदों के अधिकारों और उनकी आजादी की रक्षा करने और भारत की न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की जरूरत पर भी जोर दिया। वैसे गुटेरेश ने ब्रिटेन से आजादी के 75 साल बाद भारत की उपलब्धियों की प्रशंसा भी की। मगर इसमें भी यह सूक्ष्म टिप्पणी थी- ष्बहुलता का भारतीय मडल एक सरल लेकिन गहरी समझ पर आधारित है। विविधता एक ऐसी खूबी है जो आपके देश को मजबूत बनाती है।

# विदेश में हम शाकाहारी और रेस्तरां

विवेक सक्सेना

वहां मुझे सबसे बुरी बात यह लगी कि सड़क किनारे हमारी तरह आपको कहीं भी कोई खोमचा लगाने वाला, समोसे बेचने वाला नहीं मिलेगा। अगर रेस्तरां में खाना खाने जाना हो तो अपनी पहले ही जगह बुक करवानी पड़ती है।ज् मुझे देख कर अजीब सा लगा कि मुख्य द्वार पर गणेशजी की मूर्ति सजाकर उन्हें फूल मालाएं पहनाने वाले इन रेस्तराओं में खाने के साथ शराब भी पिलाने का प्रबंध था।

अब लगता है भला हो मद्रासियों का जिन्होंने देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के हर कोने में शाकाहारी भोजन बेचने वाले रेस्तरां खोले हैं। कनाडा में सप्ताह में एक दिन कम से कम बाहर खाते है। जब किसी दक्षिण भारतीय रेस्तरां जा कर मसाला डोसा या इडली खाने का विकल्प रहता था तो एक बात खराब लगती थी कि डोसा या इडली के साथ दुबारा मुफ्त में सांभर नहीं मिलता था। मुझे गरम-गरम सांभर पीना बहुत अच्छा लगता है। शाकाहारी हो जाने के कारण मेरे पास खाने पीने के विकल्प बहुत सीमित हो गए थे। एक दक्षिण भारतीय रेस्तरां की तो 116 देशों में रेस्तरां है। सभी जगह भारतीय बच्चे ही नौकरी करते है।

मुझे देख कर अजीब सा लगा कि मुख्य द्वार पर गणेशजी की मूर्ति सजाकर उन्हें फूल मालाएं पहनाने वाले इन रेस्तराओं में खाने के साथ शराब भी पिलाने का प्रबंध था। एक रेस्तरां के मालिक ने बताया कि यहां आने वाले बिना पिए खाना नहीं पसंद करते हैं। वहां पकौड़े भी खाने को मिल जाते थे मगर उन्हें बेसन की जगह चावल के आटे में तला जाता था। बाहर कुछ भी खाने के पहले डर लगता था कि कहीं उसमें कुछ मांसाहारी शामिल न हो हालांकि जब पिछली बार गया था तो वहां एक रेस्तरां में कौतुहलवश सलमन मछली का स्वाद जरुर चखा था जो कि श्फिश एंड चिप्स बेचने वाले एक रेस्तरां पर मिलती थी।

दूसरी बात यह कि वे लोग मछली मीट की तुलना में बीफ (गाय या भैंस) ज्यादा खाते हैं। डर लगता था कि कहीं गलती से बीफ न खा लूं। पिज्जा खाते समय भी यह तय करना पड़ता था कि कहीं बनाते समय उसमें मांस न डाल दिया गया हो। आमतौर पर वहां के रेस्तरां में अंडे को भी शाकाहारी माना जाता है। एक बार बीपी का शिकार होने के बाद डाक्टर ने मुझे अंडा खाने से पूरी तरह से रोक दिया था। वहां तो डबल रोटी (ब्रेड) व केक खरीदते समय यह सुनिश्चित करना पड़ता था कि उनमें अंडा नहीं हो। तब लगता था कि शाकाहारी होना वह भी विदेश में, शाकाहारी खाना ही मिलना कितना मुश्किल होता है। भारतीय रेस्तरां में जरुर शाकाहारी जैसे मलाई कोपता मिल



जाता है पर शाकाहारी भोजन में पनीर की भरमार रहती है जो कि मुझे ज्यादा पसंद नहीं है।

वहां मुझे सबसे बुरी बात यह लगी कि सड़क किनारे हमारी तरह आपको कहीं भी कोई खोमचा लगाने वाला, समोसे बेचने वाला नहीं मिलेगा। अगर रेस्तरां में खाना खाने जाना हो तो अपनी पहले ही जगह बुक करवानी पड़ती है। अंदर पहुंचने के बाद भी इंतजार करना पड़ता है। रात को रेस्तरां जल्दी बंद हो जाते हैं व नौ बजे के पहले ही वहां पहुंच कर खाने का आर्डर देना पड़ता है। कई बार तो यह बताया जाता है कि अमुक सामान देर होने के कारण उपलब्ध नहीं होगा। गाड़ी चलाते समय काफी पीना वहां के लोगों में आम बात है। हालांकि काफी की मात्रा काफी ज्यादा होती है व पेट्रोल पंप के साथ में ही स्थित उनकी दुकानों पर जाने से पहले फोन पर उन्हें आदेश देकर काफी व फ्रेंच फ्राई जैसे सामान का आर्डर बुक करवाया जाता है।

वहां पहुंचने तक बिना कार से उतरे बैठे बैठे कार्ड से पैसे अदा कर कार में ही खाना पीना हासिल कर लिया जाता है। खरीदे जाने वाले सामान की पैकिंग बहुत अच्छी होती है। वहां सामान मंहगा होने की एक वजह यह भी हो सकती है जब मैं पहली बार क्रूज पर सवार होकर वेंकूवर की राजधानी विक्टोरिया गया तो चार मंजिली क्रूज का सफर बहुत आश्चर्यजनक था। हमारी कार भी क्रूज में लद गई व गंतव्य पर पहुंचने के बाद हम लोग अपनी ही कार में सवार होकर घूमने गए। बहुत बड़ी क्रूज में रेस्तरां व शापिंग माल थे। हालांकि उनमें बिकने वाला खाना मुझे ज्यादा पसंद नहीं आया। इतना जरुर था कि इस समुद्री यात्रा के दौरान हमे समुद्र में तैरती व्हेल मछली जरुर देखने को मिल गई।

हमे एक भी जगह ऐसी नहीं दिखी जहां आप बिना बुकिंग करवाए सीधे जाकर खाना खा सकते हो हालांकि क्रूज की विशाल छत से समुद्री लहरों को देखकर मुझे टाइटेनिक की याद आ गई और डर लगा कि कहीं इसके साथ कुछ गड़बड़ी न हो जाए। जब भी किसी रेस्तरों में खाने जाता तो अपनी पुरानी आदत के मुताबिक कार्ड में लिखे दामों को जरुर देखता और इसकी कीमत को 60 से गुना करके रुपए में बदल देता तब मुझे 800 रुपए की कीमत वाले उस डोसे को खाने में बहुत दिक्कत होती जिसमे साथ में दोबारा सांभर या चटनी तक नहीं मिलती है।

रेस्तरां में एक अच्छी बात यह है कि आप का खाना बच जाए तो उसे आप पैक कर के अपने साथ घर ले जा सकते हैं पर बेटा खाना पैक नहीं करता है। वह आपके मेज पर प्लास्टिक के ढक्कन व डब्बे लाकर आपको दे देगा व आपको अपने हाथों से बचा खाना पैक कर के घर ले जाना होगा। वहां बुरी बात यह है कि खाने के बाद टिप न देना असभ्यता मानी जाती है। खाने के बिल की 7 से 15 प्रतिशत तक राशि टिप के रुप में अदा करनी पड़ती है। आप को कितनी टिप देनी है इसका फैसला वही लोग करते हैं व आपको बिल में टिप की राशि लिख भेज दी जाती है।

आमतौर पर रेस्तरां खाने की होम डिलीवरी नहीं करते हैं। अगर कोई करता भी है तो उसके लिए अपना पहले भुगतान करना पड़ता है काफी इंतजार भी करना पड़ता है। सामान पहुंचने के पहले आप को फोन द्वारा सूचित करने के बाद आपको अपनी सोसायटी के मुख्य गेट पर आकर उसे लेना पड़ता है। अन्यथा सामान लाने वाला व्यक्ति उसे गेट पर छोड़ कर जा सकता है। कनाडा व अमेरिका में अनेक ऐसे रेस्तरां है जहां पिज्जा या कुछ अन्य खाने के सामान के साथ आप को असीमित कोल्ड ड्रिंक पीने की टूट होती है पर उसे पहले वाले जूठे गिलास में ही पीना पड़ता है।

आम रेस्तरां काफी विशाल एयर कंडीशन व कई मंजिला होते हैं मगर वहां पर सीट खाली होने के बावजूद कर्मचारी द्वारा बताए गए स्थान पर ही बैठना पड़ता है। कहीं भी कपड़े के नैपकिन नहीं होते है। इसकी जगह कागज के टिश्यू पेपर दिए जाते हैं। पानी के गिलास काफी बड़े होते हैं जिनमें ठंडा पानी पीकर मजा आ जाता है। वहां आमतौर पर लोग फिल्टर वाटर की बोतल नहीं मंगाते हैं क्योंकि वहां नल से आने वाला पानी भी काफी स्वच्छ माना जाता है। भारतीय लोग ही खाने के बाद प्याज व हरी मिर्च की मांग करते हैं। खाने के बाद सौंप या मोटी सुपारी नहीं दी जाती है।

## इमरान को देख लोगों ने लगाए घड़ी चोर के नारे

**इस्लामाबाद ,एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ श्घड़ी चोर के नारे लगाए गए। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में सिविल कोर्ट लाहौर के एक गेट से बाहर निकलने के दौरान पीटीआई अध्यक्ष इमरान के खिलाफ तोशाखाना विवाद के संदर्भ में अपमानजनक नारे लगाए गए। वीडियो में नारे लगाने वाले द्वारा खान के साथ जा रहे एक पीटीआई समर्थक को धक्का देते हुए भी देखा जा सकता है।

खान ने लाहौर बार को 5 करोड़ पीकेआर का चेक प्रदान किया और वकीलों को अपनी पार्टी के आगामी लन्ग मार्च में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। पीटीआई प्रमुख ने वकीलों के लिए स्वास्थ्य कार्ड के प्रावधान की घोषणा की और उनके लिए एक अस्पताल को अपग्रेड करने का भी वादा किया। खान ने यह भी कहा कि पंजाब विधानसभा एक वकील संरक्षण विधेयक पारित करेगी।

21 अक्टूबर को, पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने तोशखाना मामले में खान को चुनाव लडने के अयोग्य घोषित कर दिया था।

## इंफोसिस ने की अंतरिम लाभांश की घोषणा, ब्रिटेन पीएम ऋषि सुनक की पत्नी को मिलेंगे 6427 करोड़ रुपए

**बेंगलुरू ,एजेंसी।** सफ्टवेयर दिग्गज इंफोसिस ने वर्ष 2022-23 के लिए शेयरधारकों के लिए 1650 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का अंतरिम लाभांश घोषित किया। इसके तहत ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ाषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति को 6427 रुपये का लाभांश मिलेगा। इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति की बेटी अक्षता के पास कंपनी के 3,89,57,096 शेयर हैं, जो टेक दिग्गज की कुल चुकता पूंजी का 1.07 प्रतिशत है।

1650 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के घोषित अंतरिम लाभांश के अनुसार, उन्हें 64,27,92,084 करोड़ रुपये का लाभांश मिलेगा। अक्षता मूर्ति ने सुनक से 2009 में शादी की। उनके पास भारतीय नागरिकता है। इंफोसिस लिमिटेड के निदेशक मंडल ने अपनी बैठक में प्रति इक्विटी शेयर 1650 रुपये का अंतरिम लाभांश घोषित करते हुए 10 नवंबर को इसके भुगतान तिथि बताई। जिन निवेशकों के पास एजेंसीतक इंफोसिस के शेयर हैं, वे प्रति शेयर 1650 रुपये के भुगतान के लिए पात्र होंगे।

## ईंट से सिर कुचलकर बडी बिल्डर की हत्या करने वाला वांछित गिरफ्तार

**गाजियाबाद ,एजेंसी।** 25 अक्टूबर की रात करीब 9.15 बजे थाना टीला मोड़ क्षेत्र अंतर्गत भोपुरा-लोनी रोड पर स्थित बिहारी ढाबे के सामने कुछ लोगों ने ग्राम जाबली थाना टीला मोड़ निवासी बडी बिल्डर अरुण उर्फ वरुण के सिर में ईटों से प्रहार कर हत्या कर दी थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस मामले में पुलिस ने 5 टीमें बनाई थीं और आरोपी को तलाश की जा रही थी। इस मामले में पुलिस ने गुरुवार देर रात मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जब आरोपी को लेकर घटना में इस्तेमाल कार बरामद करने गई तो आरोपी ने पुलिस की रिवल्वर छीनकर भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायर भी कर दिया। इसके बाद पुलिस की जवाबी करवाई में वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे पकड़ भी लिया। मृतक अरुण के पिता दिल्ली पुलिस के सेवानिवृत्त उप निरीक्षक कंवरपाल निवासी ग्राम जाबली ने थाना टीला मोड़ में हत्या का मामला दर्ज करवाया था। जांच के दौरान ईंट से प्रहार कर हत्या करने के आरोपी के रूप में चिरंजीवी शर्मा उर्फ कल्लू पंडित का नाम सामने आया था।

# एफएटीएफ की सूची से पाकिस्तान के निकलने के बाद कश्मीर में आतंकी हमले की बढ़ी आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एफएटीएफ (फाइनेंसियल एक्शन टास्क फोर्स) की निगरानी सूची से पाकिस्तान के बाहर निकलने के बाद कश्मीर में बड़े आतंकी हमले की आशंका गहरा गई है। मुंबई में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आतंकवाद के मुद्दे पर विशेष बैठक में भारत ने इसके प्रति आगाह किया है। गृहमंत्रालय के अतिरिक्त सचिव सफी रिजवी ने अपनी प्रस्तुति में विस्तार से बताया कि किस तरह के 2018 में पाकिस्तान के एफएटीएफ की निगरानी सूची में जाने के बाद आतंकी घटनाओं में कमी आई और सूची से बाहर निकलने के संकेत मिलने के बाद से इसमें बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।



सफी रिजवी ने आंकड़ों के साथ बताया कि 2014 में कश्मीर में पांच बड़े आतंकी हमले हुए थे, जिनकी संख्या बढ़कर 2015 में आठ और 2016 में 15 हो गई। लेकिन 2017 में पाकिस्तान के एफएटीएफ की निगरानी सूची में आने की चर्चा शुरू होने के बाद इनकी संख्या घटकर आठ रह गई और 2018 में निगरानी सूची में जाने के बाद महज तीन बड़े आतंकी हमले हुए। 2019 में बालाकोट में सिर्फ एक बड़ा हमला हुआ, जिसका जवाब भारत में एयर स्ट्राइक से दिया। 2020 में कोई बड़ा आतंकी हमला नहीं हुआ। लेकिन 2021 में पाकिस्तान के निगरानी सूची से आने की चर्चा शुरू होने के बाद से ही निहत्थे कश्मीरी पंडितों और मजदूरों को आसान निशाना बनाकर आतंकी हमले शुरू हो गए, जिसमें 2022 में और बढ़ोतरी हुई है।

जाहिर है इसी महीने पाकिस्तान के निगरानी सूची से पूरी तरह से बाहर आने के बाद बड़े आतंकी हमलों की आशंका बढ़ गई है। सफी रिजवी ने बताया कि सीमा पार से आतंकी गतिविधियों के तेज होने के सबूत भी मिलने लगे हैं। उनके अनुसार पाकिस्तान के निगरानी सूची में जाने के समय सीमा पार लगभग 600 आतंकी ट्रेनिंग कैंप चल रहे थे, 2020 तक इनमें 75 फीसद कैंप बंद हो गए। लेकिन 2021 में निगरानी सूची से बाहर निकलने की उम्मीद के बाद आतंकी ट्रेनिंग कैंपों की संख्या में 50 फीसद की बढ़ोतरी हुई है। यही नहीं, सीमा पार से प्रशिक्षित आतंकियों के घुसपैठ में तेजी देखने को मिल रही है।

उन्होंने कहा कि इस समय कश्मीर घाटी में सक्रिय आतंकियों में 60 से 70 फीसद विदेशी मूल के हैं। यही नहीं, इन आतंकियों को ड्रोन के माध्यम से आइईडी और छोटे हथियारों के साथ-साथ आतंकी फंडिंग के लिए हेरोइन की खेप भेजने की घटनाएं भी तेजी से बढ़ी हैं। एफएटीएफ की निगरानी सूची में जाने के बाद पाकिस्तान में आतंकी गतिविधियां कम होने का उदाहरण देते हुए सफी रिजवी ने कहा कि इसके पहले लश्करे तैयबा प्रमुख हाफिज सईद खुलेआम बड़ी रैलियां करता था, जो 2017 के बाद बिलकुल बंद हो गया।

इसी तरह से संयुक्त राष्ट्र से घोषित आतंकियों को खुलेआम पुलिस सुरक्षा मुहैया कराने की घटनाएं नजर नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले आतंकी संगठन खुलेआम आम लोगों से चंदा लेते थे, जो बाद में बिलकुल बंद गया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और एफएटीएफ को मिलकर पाकिस्तान में आतंकी गतिविधियों को रोकने के लिए विशेष व्यवस्था करने की जरूरत पर बल दिया।

## लुफ्थांसा का राजस्व साल-दर-साल दर्ज किया गया दोगुना

**बर्लिन ,एजेंसी।** जर्मन ध्वजवाहक लुफ्थांसा का राजस्व 2022 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर लगभग दोगुना होकर 10.1 अरब यूरो हो गया है। ब्याज और करों (ईबीआईटी) से पहले समायोजित आय बढ़कर 1.1 बिलियन यूरो हो गई और पिछले साल की समान अवधि में चार गुना अधिक थी।

पिछली तिमाही में, लुफ्थांसा ने कोविड -19 महामारी की शुरूआत के बाद पहली बार लाभ कमाया था।

हवाई यातायात पर महामारी के विनाशकारी प्रभाव के कारण, जर्मन सरकार को लुफ्थांसा को बचाना पड़ा।कंपनी ने सरकार से प्राप्त स्थिरीकरण निधि का भुगतान कर दिया है, जिसने बदले में लुफ्थांसा में अपने शेयरों को बेच दिया है, जिससे एयरलाइन पूरी तरह से निजी हाथों में वापस आ गई है।इस प्रकार सरकार ने कंपनी में अपनी पूरी हिस्सेदारी की बिक्री से 760 मिलियन यूरो जुटाए हैं।लुफ्थांसा द्वारा ले जाने वाले यात्रियों की संख्या भी ठीक हो गई है, जो साल-दर-साल 65 प्रतिशत बढ़कर 33 मिलियन हो गई है

## गृह मंत्रालय के चिंतन शिविर से कई गैर-भाजपाई मुख्यमंत्रियों ने बनाई दूरी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** हरियाणा के सूरजकुंड में चल रहे गृह मंत्रियों के 2 दिवसीय चिंतन शिविर में ज्यादातर गैर-भाजपाई राज्यों के गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे मुख्यमंत्री शामिल नहीं हुए। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों के गृह मंत्रियों को इस शिविर के लिए आमंत्रित किया था।

शिविर में अपने प्रदेशों में गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे ज्यादातर गैर भाजपाई मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा नहीं लिया। इनमें गृह विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, ओडिशा के नवीन पटनायक और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शामिल हैं।

शिविर में सिर्फ 2 गैर भाजपाई मुख्यमंत्री शामिल हुए। इनमें पंजाब के भगवंत मान और केरल के पिनराई विजयन हैं। पश्चिम बंगाल सरकार ने शिविर में गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को भी नहीं भेजा। उनकी तरफ से अतिरिक्त महानिदेशक (होमगार्ड) नीरज कुमार सिंह प्रतिनिधि के तौर पर शामिल हुए।

अमित शाह की अध्यक्षता में चल रहे शिविर में भाग लेने वाले मुख्यमंत्रियों में भगवंत मान (पंजाब), पिनराई विजयन (केरल), मनोहर लाल खट्टर (हरियाणा), योगी आदित्यनाथ (उत्तर प्रदेश), हिमंत विश्व सरमा (असम), एन बीरेन सिंह (मणिपुर), प्रमोद सावंत (गोवा), माणिक साहा (त्रिपुरा), पुष्कर सिंह धामी (उत्तराखंड) और प्रेम सिंह तमांग (सिक्किम) शामिल हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार 2 दिवसीय चिंतन शिविर में पुलिस बलों के आधुनिकीकरण, साइबर अपराध प्रबंधन, आपराधिक न्याय प्रणाली में आईटी के बढ़ते उपयोग, भूमि सीमा प्रबंधन, तटीय सुरक्षा, महिला सुरक्षा, मादक पदार्थों की तस्करी जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। आज बैठक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे।

# महाप्रबंधक ने उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की समीक्षा की

### रात्रिकालीन निरीक्षणों में तेजी लाने के निर्देश, रेल पटरियों की दरारों और वैल्डों पर ध्यान केन्द्रित किया गया

नई दिल्ली, एजेन्सी। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, श्री आशुतोष गंगल ने, आज प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों एवं मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की । इस बैठक में रेल पटरियों की दरारों और वैल्डों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ सर्दी के मौसम में ट्रेनों के सुचारू परिचालन पर ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया गया ।

उन्होंने कहा कि उत्तर रेलवे के लिए संरक्षा सर्वोपरि है । महाप्रबंधक ने रेल पथों, वैल्डों के अनुरक्षण मानको को बेहतर बनाने और रेल पटरियों के निकट स्क्रैप को हटाने के लिए जोन में किए गए कार्यों की समीक्षा की । उन्होंने संरक्षा संबंधी कार्यों और उत्पादों में उपयोग में लाए जाने वाली वस्तुओं व सामग्री के निर्माण के दौरान कच्चे माल की गुणवत्ता पर बल दिया । उन्होंने संरक्षा बढ़ाने के लिए, और जहां आवश्यक है, वहां कर्मचारियों को परामर्श देने के लिए मंडलों को अभियान चलाने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि पटरियों में दरारों और वैल्डों की निगरानी व्यापक रूप से की जानी चाहिए और इसमें कोई गलती नहीं रहनी चाहिए।



उन्होंने ओएचई तथा रेल लाइनों पर अवस्थित बिजली के अन्य उपकरणों की सुरक्षा और संरक्षा एवं रेलगाडियों के निर्बाध परिचालन के लिए रेलपथों और रिले पैनल रूमों में संरक्षा बनाए रखने पर बल दिया । उन्होंने विभागाध्यक्षों को समयपालनबद्धता को बनाए रखने और संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मालभाड़ा लदान की रफ्तार बनाए रखने के निर्देश दिए ।

फ्रेट बिजनेस डेवलपमेंट पर बोलते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि बिजनेस डेवलपमेंट यूनिटों के साथ परस्पर सम्पर्क बनाए रखना चाहिए । उन्होंने निर्देश दिए कि बीडीयू को ग्राहकों के बीच भरोसे, सहयोग और आत्मविश्वास का माहौल बनाए रखना चाहिए । उन्होंने रेलवे द्वारा जा रही रियायतों और उपायों को ग्राहकों तक पहुँचाने के भी निर्देश दिए । उन्होंने यह भी बताया कि हर गुजरते माह के साथ खाद्यान्न और अन्य मदों के लदान में वृद्धि हुई है ।

## भाजपा की महिला नेताओं के खिलाफ द्रमुक प्रवक्ता की टिप्पणी पर कनिमोझी ने मांगी माफी

**चेन्नई ,एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमक़े.स्टालिन की बहन, द्रमुक नेत्री कनिमोझी करुणानिधि ने अभिनेत्री से भाजपा नेत्री बनीं खुशबू सुंदर, नमिता, गौतमी और गायत्री रघुराम के खिलाफ अपनी पार्टी के प्रवक्ता सैदाई सादिक द्वारा की गई टिप्पणी के लिए माफी मांगी। सादिक ने इन चार भाजपा नेत्रियों को श्आइटम करार दिया था और उनके साथ-साथ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी।खुशबू ने कनिमोझी को टैग करते हुए एक ट्वीट में इस पर सवाल उठाया और पूछा कि क्या महिलाओं का अपमान करना श्न्यू द्रविड़ मडल का हिस्सा है? जब पुरुष महिलाओं को गाली देते हैं, तो कहा जाता है कि देखो, इसकी किस तरह की परवरिश की गई है और उन्हें किस तरह के जहरीले वातावरण में लाया गया है। ऐसे ही पुरुष महिला के गर्भ का अपमान करते हैं। ऐसे पुरुष खुद को कलैग्नर के अनुयायी कहते हैं। क्या यह सीएम स्टालिन के शासन के तहत नया द्रविड़ मडल है?कनिमोझी ने तुरंत माफी मांगते हुए कहा, जो कहा गया उसके लिए मैं एक महिला और इंसान के रूप में माफी मांगती हूं। इसे कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता, चाहे किसी भी व्यक्ति ने कहा हो। इसके लिए मैं माफी मांगती हूं।

## मदद का जज्बा :नहीं मानी भारत की एडवाइजरी, रोजाना यूक्रेन में 1000 लोगों को खाना खिला रहे कुलदीप

**कीव ,एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच जंग बढ़ती जा रही है। गौर हो कि इस जंग को लेकर भारत सरकार ने एक सप्ताह में दो बार एडवाइजरी जारी की है जिसमें यूक्रेन में रहे भारतीय मूल के लोगों को जल्द से जल्द वतन वापसी करने को कहा है। लेकिन यूक्रेन में एक ऐसा भारतीय भी है, जो भारत सरकार की एडवाइजरी नहीं मान रहा। उनका कहना है कि कोई यूक्रेनियन भूखा न सोए। उन्होंने अपने होटल और पैलेस में लंगर लगा दिया है, जहां पर रोजाना एक हजार से अधिक लोग मुफ्त में भरपेट भोजन कर रहे हैं।

दिल्ली के हरीनगर निवासी कुलदीप कुमार 28 साल पहले यूक्रेन चले गए थे। वहां पर जाकर गारमेंट्स की दुकान पर नौकरी की और बाद में अपना रेस्टोरेंट व पैलेस तैयार किया। आज उनका नाम यूक्रेन में काफी अदब से लिया जाता है। अमर उजाला से खास बातचीत में कुलदीप कुमार ने कहा कि यूक्रेन ने बहुत कुछ दिया है, अब यूक्रेन पर बुरा वक्त है तो हमारा भी फर्ज बनता है कि इस संकट की घड़ी में उन लोगों का साथ दिया जाए, जिन्होंने 28 साल पहले मुझे अपनाया था।

यूक्रेन में अब लोग विस्फोट की आवाज सुनते हैं, तो दौड़कर मेट्रो स्टेशन, बंकर या घर के बेसमेंट में शरण लेते हैं। युद्धग्रस्त यूक्रेन की राजधानी कीव के निवासी इसी तरह अपना दैनिक जीवन व्यतीत करते हैं। रूसी सीमा से भारी संख्या में लोग पलायन कर कीव आ गए हैं। रूसी आक्रमण से तबाह हुए इन यूक्रेनियन को खाना नहीं मिल रहा है। नतीजतन उन्हें कीवी आने के बाद भी भूखे रहना पड़ रहा है। खुले आसमान के नीचे रात बितानी पड़ती है।

## विवाह समारोह में करते थे चोरी, गिरोह का भंडाफोड़

**बुलंदशहर ,एजेंसी।** बुलंदशहर पुलिस ने पश्चिमी यूपी के जिलों में शादियों में चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिसमें 16 साल के एक लड़के समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 57,000 रुपये नकद, सोने के आभूषण, दो देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।एसपी सिटी सुंदर नाथ तिवारी ने बताया कि गिरोह के गिरफ्तार सदस्यों की पहचान दिलदार, नींद कपूर और एक नाबालिग लड़के के रूप में हुई है। एक के खिलाफ नौ और गिरोह के एक अन्य सदस्य के खिलाफ छह मामले लंबित हैं।

कोतवाली निरीक्षक संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि टीम अलीगढ़ में डेरा डाले हुए थी और बुलंदशहर, अलीगढ़ और हाथरस सहित विभिन्न जिलों में चोरी की थी। उनके काम करने का ढंग सरल था। वे मेहमानों के रूप में तैयार होंगे और शादियों में घुसेंगे।

# दिल्ली में सांसों पर पहरा ! इस सीजन की सबसे प्रदूषित हवा, गंभीर श्रेणी में एक्यूआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की हवा दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। शुक्रवार को हवा इस सीजन की सबसे ज्यादा प्रदूषित रही। एयर क्वालिटी इंडेक्स का लेवल गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। आने वाले कुछ दिनों में इसके और भी खराब होने के आसार जताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण जनवरी के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर है।



दिल्ली के आनंद विहार में शाम 4 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 455 था, जिससे यह यहां के सबसे प्रदूषित क्षेत्रों में से एक बन गया। शाम 5 बजे पूरी दिल्ली का एक्यूआई 357 था। वहीं, गाजियाबाद में एक्यूआई 384, नोएडा में एक्यूआई 371, ग्रेटर नोएडा में एक्यूआई 364 और फरीदाबाद में एक्यूआई 346 था। सिर्फ दिल्ली ही नहीं पंजाब से लेकर उत्तर प्रदेश और बिहार तक, 34 भारतीय शहरों में वायु की गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में है।

राजधानी में दिवाली की रात पटाखों पर लगाए प्रतिबंध का कई निवासियों द्वारा उल्लंघन किए जाने के बाद राजधानी में मंगलवार को वायु गुणवत्ता बहुत खराब दर्ज की गई थी, लेकिन अगले दिन प्रदूषण का स्तर 2015 के बाद से सबसे कम रहा। ऐसा गर्मी और हवाएं चलने के कारण हुआ, जिसने प्रदूषण के प्रभाव को कम कर दिया। पिछले दो वर्षों में, नवंबर में दिवाली के बाद दिल्ली और उसके आस-पास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता शगंभीरश श्रेणी में देखी गई थी। इस महीने के दौरान पराली जलाने की घटनाएं भी जोर पकड़ती हैं जिससे क्षेत्र में घनी धुंध छाई रहती है, जबकि कम तापमान प्रदूषकों को टंटने से रोकता है।

इस साल दिवाली मौसम की शुरुआत में मनाई गई, इसलिए अपेक्षात गर्मी रहने और हवाएं चलने के कारण प्रदूषण कम रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, मंगलवार को शाम चार बजे 24 घंटे का औसत एक्यूआई 303 था, जो 2015 के बाद से दिवाली के बाद के दिन के लिए सबसे कम था। दिवाली के अगले दिन दिल्ली का एक्यूआई 2015 में (360), 2016 में (445), 2017 में (403), 2018 में (390), 2019 में (368), 2020 में (435) और 2021 में (462) दर्ज किया गया था।

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के अनुसार, राजधानी में पिछले साल की तुलना में इस साल दिवाली के दौरान पीएम 25 के स्तर में 64 प्रतिशत की कमी और पीएम10 के स्तर में 57 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने इस बार अपेक्षात बेहतर वायु गुणवत्ता को पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में कमी, बेहतर मौसम संबंधी स्थितियों और कम पटाखे फोड़ने को जिम्मेदार ठहराया।

# हिजबुल्लाह ने समुद्री सीमा समझौते को दिया अंतिम रूप

**बेरूत , एजेंसी।** लेबनान और इस्राइली नेताओं द्वारा अमेरिकी दलाली वाले समुद्री सीमांकन सौदे को अंतिम रूप दिए जाने के बाद हिज्बुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह ने इजरायल के खिलाफ अपने सशस्त्र समूह की असाधारण लामबंदी को समाप्त करने की घोषणा की। नसरल्लाह ने एक टेलीविजन भाषण में कहा, मिशन पूरा हो गया था।

उन्होंने समझौते को लेबनान और इसकी आबादी के लिए एक बड़ी जीत बताया।

नसरल्लाह ने नोट किया कि लेबनान के अधिकारी सावधान थे कि वे कोई भी कदम न उठाएं जिसे इजराइल के साथ सामान्यीकरण के रूप में माना जा सकता है।

तकनीकी रूप से, लेबनान और इजराइल युद्ध की स्थिति में बने हुए हैं।हिज्बुल्लाह नेता ने कहा, राष्ट्रपति मिशेल औन ने जिस पर हस्ताक्षर किए थे, वह अंतरराष्ट्रीय संधि नहीं है और यह इजराइल की मान्यता नहीं है।हिज्बुल्लाह एक लेबनानी सशस्त्र समूह और ईरान द्वारा समर्थित राजनीतिक दल है।इजराइल और लेबनान ने एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए, पहली बार समुद्री सीमा निर्धारित की और पूर्वी भूमध्य सागर में आकर्षक गैस की खोज को हरी झंडी दी।इससे पहले दिन में, लेबनान के राष्ट्रपति मिशेल औन ने अपने महल में समझौते को मंजूरी देने वाले एक पत्र पर हस्ताक्षर किए।बाद में, इजरायल के कार्यवाहक प्रधान मंत्री यायर लैपिड ने एक विशेष सरकारी बैठक के बाद यरुशलम में एक समान पत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसमें मंत्रियों ने सौदे को मंजूरी दी।कोई हस्ताक्षर समारोह आयोजित नहीं किया गया था क्योंकि समझौता दोनों देशों के बीच एक सामान्यीकरण सौदा नहीं है, जो कि 1948 में इजराइल के राज्य बनने के बाद से तकनीकी रूप से युद्ध की स्थिति में है।इसके बजाय, निम्न-स्तरीय इजराइली और लेबनानी प्रतिनिधिमंडलों ने नकौरा में लेबनान (यूएनआ-ईएफआईएल) में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल के मुख्यालय में हस्ताक्षर किए अनुमोदन पत्र प्रस्तुत किए।जबकि लैपिड ने कहा कि समझौता एक जबरदस्त उपलब्धि था, लेबनान के शीर्ष वातार्कार और डिप्टी स्पीकर इलियास बौ साब ने संवाददाताओं से कहा कि यह सौदा एक नए युग का प्रतीक है।

## पिट्सबर्ग सिनेगग शूटिंग के 4 साल बाद जो बाइडेन ने शोक व्यक्त किया

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पिट्सबर्ग के ट्री अफ लाइफ सिनेगग में हमले के चार साल पूरे होने पर कहा कि हम अमेरिकी इतिहास में यहूदी-विरोधी के इस सबसे घातक त्य पर शोक व्यक्त करते हैं। 27 अक्टूबर, 2018 की सुबह, एक बंदूकधारी ने आराधनालय पर धावा बोल दिया था और 11 लोगों की हत्या कर दी थी और चार पुलिस अधिकारियों सहित छह अन्य को घायल कर दिया था।

## कई बंदूकवाले तो कई कलमवाले भी नक्सली, गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर में बोले पीएम मोदी

**फरीदाबाद ,एजेंसी।** हरियाणा के सूरजकुंड में चल रहे दो दिवसीय चिंतन शिविर का आज आखिरी दिन है। इस दौरान पीएम मोदी ने वीडियो कन्फ्रेंसिंग के जरिए देश के सभी राज्यों के गृह सचिवों, डीजीपी, सशस्त्र सेना बलों और केंद्रीय सुरक्षाबलों के अधिकारियों से देश की सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत बनाने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने इस दौरान कमलवाले कुछ लोगों को भी नक्सली करार दिया।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों पर भी यह निशाना साथा है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हम अमृतकाल में हैं और इस दौरान हमें श्पंच प्राणों के संकल्प पर चलना होगा तभी हम अपने अमृतकाल के सपने को और मजबूत कर पाएंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि कि, आजादी का अमृतकाल हमारे सामने हैं।

## मेलबर्न में हो रही लगातार बारिश के कारण आयरलैंड–अफगानिस्तान मैच रद्द



मेलबर्न , मेलबर्न में हो रही बारिश के चलते टी20 विश्वकप में सुपर–12 के ग्रुप 1 में आयरलैंड और अफगानिस्तान के बीच मुकाबला शुक्रवार को रद्द कर दिया गया है।

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में सुबह से ही हो रही बारिश और तेज हवाओं के चलते टास भी संभव नहीं हो सका था। इस बीच वर्षा की गति कम होने पर मैदानी अंपायर अलीम डार और एडरियान होल्डस्टाक ने स्थानीय समयानुसार करीब साढ़े चार बजे मैच के रद्द होने का औपचारिक ऐलान कर दिया। मैच के रद्द होने पर दोनो टीमो को एक एक अंक मिले। इस मैच के रद्द होने के बाद ग्रुप 1 की अंक तालिका में आयरलैंड तीन मैचों में तीन अंक के साथ दूसरे स्थान पर काबिज है वहीं अफगानिस्तान ने इतने ही मैचों में दो अंक जुटाये हैं।

दोनो टीमो का यह तीसरा मुकाबला था। इससे पहले आयरलैंड की टीम इंग्लैंड को पांच रन से हरा कर बड़ा उलटफेर कर चुकी है हालांकि अपने शुरूआती मैच में उसे श्रीलंका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। दूसरी ओर अफगानिस्तान को इंग्लैंड ने हराया था वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्षा बाधित मैच में उसे एक अंक से खाता खोलने का मौका मिला है।

मौजूदा विश्वकप अब तक पांच बड़े उलटफेरों का गवाह बन चुका है जिसमें कल यानी गुरूवार को खेला गया पाकिस्तान और जिम्बावे के मुकाबला भी शामिल है। पाकिस्तान को रोमांचक मैच में मात्र एक रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस लिहाज से दोनो टीमो के बीच इस मुकाबले को काफी अहम माना जा रहा था।

## दक्षिण अफ्रीका ने बंगलादेश को 104 रन से रौंदा




सिडनी , दक्षिण अफ्रीका ने राइली रूसो (109) के विस्फोटक शतक के बाद आनरिक नॉर्खिया (10/4) और शम्सी (20/3) की घातक गेंदबाजी की बदौलत बंगलादेश को आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 में 104 रनों से रौंद दिया।

दक्षिण अफ्रीका ने सुपर–12 चरण के मुकाबले में बंगलादेश को 206 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में बंगलादेश 16.3 ओवर में 101 रन पर ऑलआउट हो गई।रूसो ने च्टिन डी कॉक (63) के साथ 168 रन की विशाल साझेदारी की जिसकी बदौलत दक्षिण अफ्रीका टी20 विश्व कप 2022 का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर सकी। नॉर्खिया ने प्रोटियाज की जीत पर मुहर लगाते हुए सिर्फ 10 रन देकर चार विकेट लिये। इसके अलावा तबरेज़ शम्सी ने तीन विकेट जबकि कागिसो रबाडा और केशव महाराज ने एक–एक विकेट लिया। दक्षिण अफ्रीका का पहला मैच बारिश में धुलने के बाद यह विशाल जीत उनके नेट रनरेट में महत्वपूर्ण वृद्धि करेगी।

## भारत के बाद जिम्बाब्वे से बुरी तरह पिटा पाकिस्तान, मात्र 1 रन से हारा



नई दिल्ली ,। टी20 वर्ल्ड कप के मुकाबले में जिम्बाब्वे ने पाकिस्तान को एक रन से हरा दिया है। पर्थ में खेले गए मुकाबले में जिम्बाब्वे ने पाकिस्तान को 131 रनों का टारगेट दिया था, लेकिन वह टारगेट तक पहुंच नहीं पाई। मौजूदा टूर्नामेंट में पाकिस्तान की यह लगातार दूसरी हार है। इससे पहले पहले मैच में पाकिस्तान को भारत के खिलाफ चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

रोमांच से भरे इस बेहद करीबी मुकाबले में पाकिस्तान की टीम को एक रन से हार मिली और ये बाबर आजम के टीम की लगातार दूसरी हार थी। पाकिस्तान को पहले मैच में भारत ने हराया था। वहीं जिम्बाब्वे ने इस जीत के साथ दो अंक अर्जित किए जबकि लगातार दो हार के साथ पाकिस्तान की टीम का एक भी अंक नहीं है। इस मैच में जिम्बाब्वे के कप्तान क्रेग इरविन ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 130 रन बनाए और पाकिस्तान को जीत के लिए 131 रन का टारगेट दिया। पाकिस्तान की तरफ से मो. वसीम जूनियर और शादाब खान ने घातक गेंदबाजी की। दूसरी पारी में पाकिस्तान की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 129 रन बनाए और उसे एक विकेट से हार मिली।

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम भारत के खिलाफ भी नहीं चल पाए थे और उनका ये सिलसिला टी20 वर्ल्ड कप 2022 के दूसरे मैच में भी जारी रहा। जिम्बाब्वे के खिलाफ बाबर का बल्ला नहीं चला और वो सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं मो. रिजवान भी इस मैच में नहीं चल पाए और 14 रन पर उन्होंने अपना विकेट गंवा दिया। इसके अलावा इफ्तिखार अहमद 5 रन, शादाब खान 17 रन जबकि हैदर अली डक पर अपना विकेट गंवा बैठे। शान मसूद ने 44 रन की पारी खेली और उन्हें रजा ने स्टंप आउट करवा दिया।

## बीसीसीआई का ऐतिहासिक फैसला, अब महिला और पुरुष क्रिकेटर्स को मिलेगी बराबर मैच फीस




नई दिल्ली ,भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आज एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। बीसीसीआई ने कहा कि उसकी ओर से महिला और पुरुष क्रिकेटर्स को अब एक समान फीस दी जाएगी। बीसीसीआई ने आज अनुबंधित भारतीय महिला क्रिकेटरों के लिए वेतन इच्टी नीति के कार्यान्वयन की घोषणा की है। पुरुष और महिला दोनों क्रिकेटरों के लिए अब मैच फीस समान होगी।

भारतीय क्रिकेट में अब महिला और पुरुष में वेतन के तौर पर अब कोई भेदभाव नहीं रहेगा। सभी को बराबर मैच फीस मिलेगी। इस बात की जानकारी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने दी है। जय शाह ने इस ऐतिहासिक फैसले का ऐलान सोशल मीडिया के जरिए किया है।

बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने ट्वीट कर कहा कि महिला और पुरुष क्रिकेटर्स को अब टेस्ट मैच के लिए 15 लाख रुपये, वनडे मैच के लिए 6 लाख रुपये और टी–20 मैच के लिए 3 लाख रुपये बतौर फीस दी जाएगी।

## आर्सेनल खिलाड़ी पाब्लो मारी पर चाकू से हुआ हमला, बाल–बाल बचे

लंदन ,। आर्सेनल के खिलाड़ी पाब्लो मारी इटली के असागो में एक शॉपिंग मॉल में जघन्य हमले का शिकार हो गए। मारी उन पांच लोगों में शामिल थे जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। स्काई स्पोर्ट्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, इतालवी शहर के एक शॉपिंग सेंटर में चाकू से छह लोगों पर हमला किया गया था, जिसमें मारी भी शामिल थे।

खबर की पुष्टि करते हुए, आर्सेनल के प्रबंधक मिकेल अटेर्टा ने कहा है कि मारी ठीक हैं, उन्हें ज्यादा चोट नहीं आई है। उन्होंने कहा, मारी इस समय अपने एक रिश्तेदार के संपर्क में हैं। वह ठीक हैं, उन्हें ज्यादा गंभीर चोट नहीं लगी है।

## टीम इंडिया की जीत के लिए दुआ मांगेगा पाकिस्तान, भारत की जीत पर निर्भर है बाबर ब्रिगेड का भविष्य

नई दिल्ली, टी20 वर्ल्ड कप 2022 में पाकिस्तान को अपने दोनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। भारत और जिम्बाब्वे से मिली हार के बाद पाकिस्तान के लिए इस टूर्नामेंट में आगे का सफर काफी मुश्किल होने वाला है। सुपर–12 राउंड में पाकिस्तान को साउथ अफ्रीका, नीदरलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ मैच खेलने हैं। इस तीन मुकाबले को जीतने के बाद भी पाकिस्तान को भारत समेत दूसरी टीमों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा।

**पाकिस्तान को रहना होगा भारत पर निर्भर**

पाकिस्तान को तीनों मैच जीतने के बाद भी यह उम्मीद करनी होगी कि साउथ अफ्रीका या जिम्बावे अपने तीन में से दो मैच हार जाए। यदि साउथ अफ्रीका या जिम्बावे ने दो–दो मैच जीत लिए तो पाकिस्तान दोनों को अंक तालिका में पीछे नहीं छोड़ सकता है। इस समय पाकिस्तान फैंस चाहेंगे कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत जीत दर्ज करे। अगर भारत ने साउथ अफ्रीका को हरा दिया तो पाकिस्तान की सोई हुई उम्मीद फिर से जाग जाएगी। पाकिस्तान यह भी चाहेगा कि साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे दो–दो मैच हार जाए।




बता दें कि टी20 वर्ल्ड कप 2022 के 24वें मैच में पाकिस्तान का सामना जिम्बाब्वे के साथ पर्थ क्रिक्रेट ग्राउंड पर हुआ। इस मुकाबले में पाकिस्तान की टीम को 1 रन से हार मिली। इस मैच में जिम्बाब्वे के कप्तान क्रेग इरविन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

# फिल्मी गपशप

## ब्रह्मास्त्र के वीएफएक्स बना चुकी कंपनी अब ऋतिक की फाइटर में करेगी काम




ऋतिक रोशन की फिल्म फाइटर का जबसे ऐलान हुआ है, लोगों को इसका इंतजार है। इस फिल्म में ऋतिक के साथ दीपिका पादुकोण नजर आएंगी। फिल्म दर्शकों के लिए आकर्षक विजुअल्स पर्दे पर उतारने के लिए तैयार है। निर्माताओं का दावा है कि फिल्म में दर्शकों को बिल्कुल अलग तरह का अनुभव देखने के लिए मिलेगा। फिल्म के लिए हवा में ऐक्शन सीन भी शूट किए गए हैं। अब फिल्म के वीएफएक्स से जुड़ी के रोचक जानकारी सामने आई है।


रिपोर्ट के अनुसार फाइटर के विजुअल एफेक्ट्स का जिम्मा वीएफएक्स कंपनी डीएनईजी को सौंपा गया है। बता दें, इस कंपनी ने ही अपनी पैरेंट कंपनी प्राइम फोकस के साथ मिलकर अयान मुखर्जी की ब्रह्मास्त्र में भी विजुअल इफेक्ट्स का काम संभाला था। इस कंपनी ने फिल्म ड्यून के लिए ऑस्कर जीता था। यह कंपनी इंटरस्टेलर, इनसेप्शन और अवतार जैसी हॉलीवुड फिल्मों में वीएफएक्स का काम कर चुकी है।

फाइटर की शूटिंग इस साल नवंबर में शुरू होने की खबर है। हालांकि, अभी इसका एक शेड्यूल ही शूट किया जाएगा। इसके बाद जनवरी में पठान की रिलीज के बाद फिल्म का नियमित शूट चालू होगा। डीएनईजी की बात करें तो यह कंपनी फिल्म रामायण के लिए भी काम करेगी। इस फिल्म में भी ऋतिक के मुख्य भूमिका में होने की चर्चा है। भारी वीएफएक्स से भरी दोनों फिल्मों में मुख्य भूमिका में ऋतिक को देखना दिलचस्प होगा।

फाइटर का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। वहीं इसका निर्माण वायाकॉम 18 मोशन पिक्चर्स करेगी। फिल्म में ऋतिक और दीपिका से साथ अनिल कपूर नजर आएंगे। यह फिल्म अगले साल सितंबर में रिलीज हो सकती है। फाइटर के अलावा ऋतिक रामायण और कृष 4 में नजर आएंगे। वहीं दीपिका शाहरुख खान के साथ पठान में नजर आएंगी। वह प्रभास की फिल्म च–प्रोजेक्ट में भी काम कर रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ अमिताभ बच्चन भी नजर आएंगे। ब्रह्मास्त्र में 4,500 वीएफएक्स शॉट्स थे जो अब तक की दुनिया की किसी भी फिल्म से ज्यादा हैं। अवेंजर्स एंडगेम में 2400 वीएफएक्स शॉट्स थे। इस फिल्म के वीएफएक्स को कंपनी के लंदन, उत्तरी अमेरीका और भारत की तकनीकी टीम ने मिलकर बनाया था। फिल्म के लिए अयान ने भी फिल्ममेकिंग के नए तकनीक सीखे थे। फिल्म के सीक्वल के निर्माण के लिए डिज्नी ने हरी झंडी दिखा दी है। ब्रह्मास्त्र 2 का निर्माण धर्मा प्रोडक्शन और डिज्नी मिलकर करेंगे।



## ग्लोबल हुई अयान मुखर्जी की ब्रह्मास्त्र, डिज्नी करेगी सीक्वल का निर्माण



अयान मुखर्जी की महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट ब्रह्मास्त्र को दर्शकों की मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली। सोशल मीडिया पर फिल्म की भारी ट्रोलिंग के बाद भी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर खूब कमाई की। विदेश में भी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन किया। फिल्म के वीएफएक्स को काफी सराहना मिली है। साथ ही अपनी कल्पना को पर्दे पर उतारने के लिए अयान ने भी फिल्ममेकिंग के नए तकनीक सीखे थे। अब फिल्म के सीक्वल में डिज्नी की साझेदारी की खबर आई है। ब्रह्मास्त्र के क्रेडिट्स में ही इसके दूसरे भाग ब्रह्मास्त्र 2ः देव की घोषणा कर दी गई थी। खबर के अनुसार, इस फिल्म फ्रैंचाइज को अब डिज्नी का साथ मिल गया है। ब्रह्मास्त्र 2 का निर्माण डिज्नी और धर्मा प्रोडक्शन साथ में करेंगे। फिलहाल दोनों कंपनियां फिल्म का बजट तय करने की प्रक्रिया पूरी कर रही हैं। डिज्नी इस फिल्म को एक अलग स्तर पर ले जाने का विचार कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक पहला भाग थोड़ा आधुनिक था, लेकिन दूसरे भाग में अयान भारतीय परंपराओं और पौराणिकताओं में और गहरा उतरेंगे। फिलहाल फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम हो रहा है। दूसरे भाग में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण नजर आएंगे। फिल्म में देव के किरदार के लिए अभिनेता का नाम तय होना अभी बाकी है। फिल्म की शूटिंग अगले साल के अंत तक शुरू हो सकती है। यह फिल्म 2025 में रिलीज होने की संभावना है।

ब्रह्मास्त्र में विजुअल इफेक्ट्स का काम भारतीय कंपनी प्राइम फोकस ने किया था। इस कंपनी ने फिल्म ड्यून के लिए ऑस्कर जीता था। यह कंपनी इंटरस्टेलर, इनसेप्शन और अवतार जैसी फिल्मों में वीएफएक्स का काम कर चुकी है। 4,500 वीएफएक्स शॉट्स थे जो अब तक की दुनिया की किसी भी फिल्म से ज्यादा हैं। अवेंजर्स एंडगेम में 2400 वीएफएक्स शॉट्स थे। इस फिल्म के वीएफएक्स को कंपनी के लंदन, उत्तरी अमेरीका और भारत की तकनीकी टीम ने मिलकर बनाया था। ब्रह्मास्त्र अयान मुखर्जी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इस फिल्म के जरिए वह अपना सिनेमैटिक यूनिवर्स बनाना चाहते हैं। यह फिल्म तीन भागों में आएगी। अयान ने इस ट्रिलॉजी का नाम अस्त्रावर्स रखा है। फिल्म एक रहस्यमई दुनिया की कहानी है जिसमें कुछ अस्त्र शामिल हैं। सदियों से ये अस्त्र और इनके रक्षक हमारे बीच मौजूद हैं छिपकर इनका इस्तेमाल लोगों की भलाई के लिए कर रहे हैं। फिल्म 4 नवंबर को डिज्नी+ हॉटस्टार पर प्रसारित किया जाएगा।

## मार्क रोली के साथ अंतरराष्ट्रीय फिल्म द आई में नजर आएंगी श्रुति हासन

बॉलीवुड से लेकर साउथ की फिल्मों में अभिनेत्री श्रुति हासन का जलवा देखने को मिला है। अब उनके खाते में एक अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट जुड़ गया है। वह अंतरराष्ट्रीय फिल्म द आई में नजर आने वाली हैं। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म में उनके साथ हॉलीवुड अभिनेता मार्क रोली भी दिखाई देंगे। डेफने श्मोन इस प्रोजेक्ट के निर्देशन का काम संभाल रही हैं। श्रुति ने खुद सोशल मीडिया पर इस प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी शेयर की है। श्रुति ने इंस्टाग्राम पर डेडलाइन की रिपोर्ट शेयर की है, जिसमें उनके इस हॉलीवुड फिल्म के बारे में जानकारी दी गई है। वह इस फिल्म में द लास्ट किंगडम फेम मार्क के अपोजिट भूमिका में दिखाई देंगी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, एक प्यारी टीम के साथ द आई का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने इस फिल्म का हिस्सा बनाने के लिए मेकर्स के प्रति भी आभार जताया है।

ग्रीक प्रोडक्शन कंपनी अर्गोनॉट्स प्रोडक्शंस और फिंगरप्रिंट मिलकर इस फिल्म का निर्माण कर रही है। खबरों की मानें तो फिल्म की शूटिंग इस महीने के अंत में एथेंस और कोर्फू में शुरू होगी। एमिली



कार्लटन ने इसकी पटकथा लिखी है। श्रुति और मार्क के अलावा इस फिल्म में अन्ना सव्वा, लिंडा मार्लो और क्रिस्टोस स्टरगियोग्लू जैसे सितारे भी नजर आएंगे। फिलहाल इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की कहानी 1980 की पृष्ठभूमि पर आधारित है।

## रात्रि के यात्री 2 का हिस्सा बनने पर बोलीं मीरा देवस्थले



अभिनेत्री मीरा देवस्थले, जो अनिल वी. कुमार द्वारा निर्देशित रात्रि के यात्री 2 का हिस्सा हैं, ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने यह परियोजना की। अभिनेत्री ने कहा कि निमार्ता–निर्देशक के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा था। मैं अनिल सर के साथ काम करने के लिए उत्सुक थी क्योंकि मैंने उनके बारे में बहुत कुछ सुना था और मैं अनुभव करना चाहती थी।

दूसरी बात, जब मैंने एपिसोड के कलाकारों के बारे में सुना और मुझे एहसास हुआ कि मैं शरद मल्होत्रा और शेफाली जरीवाला के अपोजिट रहुंगी, मैंने सोचा कि यह एक अच्छा सहयोग था। यह मेरे लिए वेब स्पेस पर एक तरह की शुरूआत थी।उन्होंने आगे कहा, अनुभव अद्भुत था।

यह दो दिवसीय शूटिंग थी और दो दिनों में बहुत काम किया गया था। वह और उनकी पूरी टीम इस बात पर बहुत स्पष्ट है कि वे कैसे चाहते थे कि कहानी कैसी होनी चाहिए। इसलिए यह एक अद्भुत अनुभव था।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com